वर्ष : 33 ▸ अंक : 283 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 29 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 'फायर नहीं वाइल्ड फायर' निकले नितीश रेड्डी

P8 दिसंबर में टूटा 101 साल का रिकॉर्ड, पहली बार हुई इतनी बारिश

# पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. मनमोहन सिंह

- बेटी ने मुखाग्नि दी
- राहुल शव यात्रा में साथ आए, कंधा दिया
- पीएम नरेंद्र मोदी, सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं

एजेंसी । नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया। यहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर मौजूद थीं। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। बेटी ने मुखाग्नि दी।

निगमबोध घाट में सोनिया, प्रियंका, राहुल और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे।

डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह को सुबह 9:30 बजे उनके आवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था। इसके बाद अंतिम यात्रा शुरू हुई। राहुल गांधी पार्थिव देह के साथ गाड़ी में बैठे थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली AIIMS लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली।





### 26 दिसंबर को निधन

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में गुरुवार रात निधन हो गया। उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) लाया गया था। उनके निधन की खबर सुनकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे नेता AIIMS पहुंचे। यहां से मनमोहन की पार्थिव देह को उनके आवास ले जाया गया।

### 27 दिसंबर को पैतृक गांव में श्रद्धांजलि

मनमोहन सिंह के आवास पर उनकी पार्थिव देह के दर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। उन्होंने मनमोहन के परिवार से भी मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, AAP के संयोजक केजरीवाल ने भी मनमोहन को श्रद्धांजलि दी। पाकिस्तान के चकवाल जिले में स्थित मनमोहन के पैतृक गांव गाह में भी लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## यादों में मनमोहन सिंह

- डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब के गाह (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता का नाम गुरुमुख सिंह और मां का नाम अमृत कौर था।
- विभाजन के बाद उनका परिवार भारत चला आया। यहां पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने ग्रेजुऐशन और PG पूरा किया। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से Ph.D और ऑक्सफोर्ड से डी.फिल भी की।
- मनमोहन पंजाब यूनिवर्सिटी और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रोफेसर रहे। 1966-1969 के दौरान UN सम्मेलन में आर्थिक मामलों के अधिकारी चुने गए थे।
- 1971 में मनमोहन को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया गया। 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया।
- इसके बाद वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, 1982 से 1985 तक RBI गवर्नर, PM के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के अध्यक्ष भी रहे।
- 1991 में असम से राज्यसभा सदस्य चुने गए। इसके बाद वह साल 1995, 2001, 2007, 2013 और 2019 में राज्यसभा के लिए चुने गए। 33 साल तक राज्यसभा के सदस्य रहने के बाद 3 अप्रैल, 2024 को सदन से रिटायर हुए।
- 1998 से 2004 तक जब भाजपा सत्ता में थी, तब वही राज्यसभा में विपक्ष के नेता थे। 1999 में उन्होंने दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा के विजय कुमार मल्होत्रा से हार गए।
- 1991 से 1996 तक प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे। 2004 से लेकर 2014 तक 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे।
- 2009 में मिली जीत के बाद वे जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने, जिन्हें 5 साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार पीएम बनने का मौका मिला।
- डॉ. मनमोहन सिंह भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण (1987), वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी अवॉर्ड (1993 और 1994) और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी अवॉर्ड (1993) से नवाजे गए थे।
- डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार में पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं।

# परभणी और बीड जाएंगे उद्धव ठाकरे

### सरपंच संतोष देशमुख और सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवारों से करेंगे मुलाकात



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या और परभणी हिंसा मामले में गिरफ्तार सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है।इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने जनवरी के पहले सप्ताह में बीड के सरपंच संतोष देशमुख के परिवार से मिलने का ऐलान कर दिया है। जिनकी हत्या से एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। उद्धव ठाकरे दलित व्यक्ति सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों से भी मिलेंगे, जिनकी परभणी में संविधान की प्रतिकृति के अपमान को लेकर हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी।

संजय राउत ने शनिवार को कहा कि 'शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे सोमनाथ सूर्यवंशी और संतोष देशमुख के परिवारों से मिलने के लिए परभणी और बीड जाएंगे।' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने पिछले सप्ताह सूर्यवंशी और देशमुख के परिवारों से मुलाकात की थी।

### राहुल गांधी ने भी सूर्यवंशी के परिवार से की मुलाकात

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी पिछले दिनों परभणी में सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह एक दलित थे और संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रहे थे।इधर पुलिस ने सरपंच देशमुख की हत्या के सिलसिले में अब तक अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के पूर्व तहसील प्रमुख विष्णु चाटे समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में 3 अन्य लोगों की तलाश कर रही है, जिन्हें 9 दिसंबर को देशमुख के अपहरण और बेरहमी से हत्या के मामले में वांछित आरोपी बनाया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि सरपंच संतोष देशमुख की हत्या बीड में एक पवनचक्की कंपनी से जबरन वसूली का विरोध करने के कारण की गई। वहीं, मध्य महाराष्ट्र के परभणी शहर में 10 दिसंबर की शाम को रेलवे स्टेशन के बाहर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति के कांच के आवरण को तोड़ने के बाद हिंसा हुई थी। गिरफ्तारी के बाद परभणी जिला केंद्रीय जेल में बंद सोमनाथ सूर्यवंशी (35) को 15 दिसंबर को सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

# पूर्व मंत्री रविंद्र चव्हाण बने भाजपा के प्रदेश प्रभारी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को पूर्व मंत्री रविंद्र चव्हाण को पार्टी का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश चव्हाण ने दी। चव्हाण ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को संगठन विस्तार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इसके तहत महाराष्ट्र में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की योजना बनाने की जिम्मेदारी रविंद्र चव्हाण को सौंपी गयी है। इस समय महाराष्ट्र में 21 दिसंबर से संगठन के विस्तार का कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसी तरह पूर्व विधायक अनिल सोले को राज्य अनुशासन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस समिति में छत्रपति संभाजीनगर के किशोर शितोले, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. भारती पवार, पूर्व विधायक अतुल शाह और पुणे से योगेश गोगवले को सदस्य नियुक्त किया गया। इसी तरह महाराष्ट्र में क्षेत्रीय सक्रिय सदस्यता अभियान की घोषणा की गई है। इस अभियान का प्रमुख प्रदेश महासचिव राजेश पांडे को बनाया गया है और बीड से प्रवीण घुगे को अभियान का सह-प्रमुख नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले राज्य की फडणवीस सरकार के मंत्री भी हैं। बावनकुले के मंत्री पद के दायित्व के चलते संगठन का कामकाज प्रभावित न हो, इसलिए चव्हाण को संगठन की जिम्मेदारी दी गयी है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 8 घंटे तक फंसे रहे करीब 100 यात्री

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



मुंबई एयरपोर्ट पर करीब आठ घंटे तक करीब 100 यात्री फंसे रहे। उसके बाद मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली सुबह 6.30 बजे की इंडिगो की उड़ान लगभग आठ घंटे बाद रद्द कर दी गई। यात्रियों ने आरोप लगाया कि इस दौरान न तो उन्हें खाना दिया गया और न ही पानी।

बता दें कि मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट सुबह 6.55 बजे उड़ान भरने वाली थी। इस यात्रा में करीब 100 यात्री थे, जिसमे छात्रों की संख्या अधिक थे। ये यात्री मुंबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे।

यात्रियों के अनुसार, उनकी फ्लाइट सुबह 6:55 बजे मुंबई से इस्तांबुल के लिए निर्धारित थी, लेकिन देरी हो गई, जिसकी सूचना उन्हें नहीं दी गई।

यात्रियों ने शिकायत की कि यात्रियों को विमान में कई घंटों तक बैठाए रखा गया। यात्रियों ने शिकायत की कि स्टॉफ सदस्यों की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई, जिससे वे असमंजस में हैं। पूछताछ करने पर उन्हें देरी के बारे में बताया गया।

एक यात्री ने बताया कि उसे 13 घंटे बाद पानी की बोतल मिली। इस बीच इंडिगो स्टॉफ ने बताया कि फ्लाइट अब रद्द हो गई है। घटना से परेशान सैकड़ों यात्री अभी भी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और एयरलाइन से अगली फ्लाइट या रिफंड की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर, इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमें खेद है कि हमारी उड़ान 6E17, जो मूल रूप से मुंबई से इस्तांबुल के लिए संचालित होने वाली थी, तकनीकी समस्याओं के कारण विलंबित हो गई। दुर्भाग्य से, समस्या को ठीक करने और इसे गंतव्य तक भेजने के हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, हमें अंततः उड़ान रद्द करनी पड़ी।

### रात 11 बजे दूसरी विमान भरेगी उड़ान

बयान में कहा गया कि हमारी टीमें हमारे प्रभावित ग्राहकों को सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं, उन्हें इसकी जानकारी दी गई। आवास, भोजन और पूर्ण धनवापसी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि हालांकि हम जानते हैं कि कोई भी प्रयास असुविधा को पूरी तरह से दूर नहीं कर सकता है। विमान कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है और अब 2300 बजे प्रस्थान करने वाला है। हम अपने ग्राहकों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनकी सुरक्षा और आराम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

# सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

### मदर डेयरी के जोनल इंचार्ज को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार



एजेंसी । नई दिल्ली

सीबीआई की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली में मदर डेयरी के दक्षिण जोन के जोनल इंचार्ज को 45,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया गया कि, यह कार्रवाई एक शिकायत के आधार पर की गई है। बताया गया कि, मदर डेयरी के दक्षिण जोन के जोनल इंचार्ज पर आरोप था कि उसने डिस्ट्रीब्यूटरशिप रद्द न करने के बदले 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

सीबीआई के अधिकारियों के मुताबिक, बातचीत के बाद आरोपी रिश्वत की राशि घटाकर 45,000 रुपये करने पर सहमत हो गया। इसके बाद सीबीआई ने प्लानिंग के साथ आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। बता दें कि, सीबीआई ने इस साल 12 फरवरी को तत्कालीन निवारक अधिकारी (इंस्पेक्टर) और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश, लोक सेवकों द्वारा अवैध परितोषण की मांग और स्वीकार करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। वहीं सीबीआई की विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि आरोपी लोक सेवक ने जेएनसीएच, न्हावा शेवा में अवैध परितोषण की मांग की और स्वीकार किया था। यह कार्रवाई सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक मुहिम के तहत की गई है और इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# जम्मू-कश्मीर में दुनिया की पहली केबल ब्रिज का सफल टेस्ट



एजेंसी । जम्मू-कश्मीर

भारतीय रेलवे ने दुनिया की पहली केबल ब्रिज का सफल टेस्ट किया, जिसके साथ भारतीय रेलवे ने एक अनोखा रिकॉर्ड भी कायम किया है, जम्मू कश्मीर के अंजी खंड पर बने पहले केबल स्टे ब्रिज का लो टेस्ट किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर ट्रायल रन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति पर प्रकाश डाला गया है। यह उपलब्धि जम्मू-कश्मीर में रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके जनवरी 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय के मुताबिक 'उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के एक प्रमुख घटक अंजी खाद पुल पर ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।'कश्मीर के रेलवे पुलों की मजबूती का परीक्षण एक अद्भुत इंजीनियरिंग करतब है। इस पुल के ऊपर एक बार में 32 रैक वाली मालगाड़ी और 57 डंपरों को पुल पर चढ़ाकर इसकी मजबूती जांची गई। इस पुल की लंबाई 473.25 मीटर और चौड़ाई 15 मीटर है। पुल बीच में 193 मीटर ऊंचा एकल तोरण बना है। कटरा-बनिहाल रेल खंड पर कटरा से रियासी स्टेशन के बीच अंजी खड्ड पर बने देश के पहले केबल स्टे ब्रिज का आज सफल लोड टेस्ट किया गया। रेलवे ने बताया है कि संगलदान से रियासी स्टेशन तक इंजन और मालगाड़ी चलाने के पहले ही कई सफल ट्रायल हो चुके हैं, जबकि कटरा-रियासी रेलखंड पर 25 दिसंबर को पहली बार इंजन और फिर लोडेड मालगाड़ी चलाने का ट्रायल किया गया था। जिसमें पहले तो कटरा से इंजन 20 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से रियासी स्टेशन पहुंचा और फिर 30 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से वापस कटरा लौटा।

### 2008 में शुरू हुआ निर्माण कार्य

अंजी पुल का निर्माण कार्य साल 2008 में शुरू हुआ था, तब इसका निर्माण आर्च पर होना था। निर्माण में आ रही दिक्कतों को देखते हुए साल 2012 में निर्माण कर रही कंपनी काम को बीच में छोड़कर लौट गई थी। जटिल भौगोलिक संरचना को देखते हुए आर्च के डिजाइन को रद्द कर जहां केबल स्टे ब्रिज बनाने का विचार किया गया। विदेशी निर्माण कंपनी एमएस इटालफेर के डिजाइनर ने अंजी खड्ड पर केवल स्टे ब्रिज बनाने का सुझाव दिया था। साल 2015 में श्रीधरन कमेटी ने इस साइट का दौरा कर जायजा लिया और फिर उनके सुझाव के बाद ही नए सिरे से केबल स्टे ब्रिज के निर्माण का निर्णय लिया गया गया। 2017 में अंजी खड्ड पर केबल स्टे ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हुआ जिसका जिम्मा हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनीकोसौंपागया। चिनाब ब्रिज के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे पुल है।

# बीमा राशि हड़पने के लिए शख्स को जिंदा जलाया

एजेंसी । सहारनपुर

सहारनपुर की पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस का हैरतंगेज खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक शातिर डॉक्टर को अरेस्ट किया है। इस डॉक्टर ने अपने एक जानकार की हत्या की और फिर उसे अपनी ही गाड़ी में डालकर जला दिया। इसके बाद इसने कोशिश की लोग खुद उसे ही मरा हुए समझें। यही नहीं, उसने अपनी पत्नी को भी फोन कर जल्द से जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लेने को कह दिया था। हालांकि समय रहते हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट करते हुए उसकी साजिश का भांडा फोड़ दिया है। इस डॉक्टर की पहचान डॉ. मुबारिक के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी डॉक्टर ने वारदात की जो कहानी बताई, वो और भी हैरतंगेज है। दरअसल आर्थिक तंगी से गुजर रहे डॉक्टर मुबारिक पर 30 लाख रुपये से अधिक का कर्ज हो गया था। इसके चलते रोज तगादे वाले उसे परेशान करने लगे थे। इसके अलावा उसने 30 लाख का बीमा भी कराया था। ऐसे में वह कोई ऐसा तरीका ढूंढने लग गया कि कर्ज देने वालों से भी मुक्ति मिल जाए और बीमा की राशि भी पत्नी के खाते में आ जाए।



### खुद मृत दिखाने के लिए परिचित को मार डाला

इसके लिए वह टीवी सीरियल क्राइम पेट्रोल पर तरीका ढूंढने लगा। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह 150 से अधिक एपिसोड देख लिया। इसके बाद उसे तरीका मिला। इसके बाद उसने अपने जीजा की फैक्ट्री में काम करने वाले अपनी ही कद काठी के युवक सोनू को शराब पिलाया और अपनी गाड़ी में जलाकर मार डाला। उसे लगा कि गाड़ी देखकर सब यही समझेंगे कि खुद उसकी मौत हुई है। सहारनपुर के एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक के मुताबिक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने अपनी पत्नी को फोन किया था।

# पर्यटन स्थलों के विकास की योजना सिर्फ कागजों पर !

## शहर के पर्यटन स्थलों की हालत गंभीर, शहरवासियों ने की अपील शहर के पर्यटन स्थलों का हो सुधार

**आशु विश्वकर्मा | वसई**

वसई-विरार शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने और यहां के क्षेत्र को विकसित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं की योजना बनाई जा रही है। किंतु सभी योजनाये अब भी अधर में लटकी हुई हैं। वहीं शहरवासियों का कहना है कि यहां की राजनीतिक पार्टियां चुनाव से पूर्व अपने घोषणा पत्रों में तो शहर के पर्यटन स्थलों के विकास और शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करते हैं, किंतु चुनाव के बाद यह सब घोषणाएं सिर्फ कागजों पर ही सीमित रह जाती हैं।

### खूबसूरत बीचों के बीच घिरा है वसई विरार



बतादें कि वसई विरार शहर में हरी-भरी प्रकृति, बाग-बगीचों, विस्तृत समुद्र तटों, पर्वत श्रृंखलाओं, झीलों, खूबसूरत झीलों की तस्वीर देखने को मिलता है। वहीं पिछले कुछ वर्षों में वसई-विरार शहर में हो रहा शहरीकरण काफी तेजी से बढ़ा है। साथ ही शहर में पर्यटन स्थलों के विकास के मुद्दों को नजरअंदाज किया जा है। वसई तालुका में ऐतिहासिक किला, अर्नाला में जलदुर्ग, पश्चिमी बेल्ट में प्राचीन चर्च, जीवदानी मंदिर, समुद्र तट, तुंगारेश्वर मंदिर, समुद्र के पानी से घिरे द्वीप सहित वसई में बहुत सी चीजें देखने के लायक हैं। सरकारी यंत्रणा द्वारा कहा जाता है कि वह वसई में पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा लेकिन हकीकत में अब तक पर्यटन स्थलों के विकास को बढ़ावा नहीं दिया गया है।

### लोगों का है कहना

वहीं वसई विरार के लोगों का कहना है कि सिर्फ इमारतों के निर्माण का मतलब शहर का विकास नहीं है, बल्कि उन संरचनाओं को विकसित करना महत्वपूर्ण है जो पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं और वहां की संस्कृति से संबंधित हैं। राजनीतिक पार्टियों द्वारा चुनावी घोषणापत्र में सिर्फ पर्यटन विकास की घोषणाएं ही दिखती हैं। लेकिन हकीकत में पर्यटन स्थल जर्जर अवस्था में दिखाई दे रहा है। अगर वसई यहां पर्यटन स्थल एवं संस्कृति, प्रकृति और ऐतिहासिक विरासत को संजोना है तो घोषणाएं करने के बजाय वास्तविकता से काम करने की जरूरत है।

### अधर में लटका कंडल वन का विकास कार्य

पिछले डेढ़-दो साल से विरार के मारंबलपाडा क्षेत्र को कंडल वन संरक्षण और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का प्रयास शुरू किया गया। इस प्राकृतिक पर्यटन की घोषणा शासन स्तर से बड़े जोर-शोर से की गई थी। लेकिन, जन जागरूकता की कमी और पर्यटकों से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने से वर्तमान में पर्यटक सूचना केंद्र खुद मुश्किल में फंस गया है। वसई-विरार शहर में एक तस्वीर यह देखने को मिल रही है कि कई ऐसे योजनाएं जो शहर के पर्यटन को बढ़ावा देने वाले थे, लेकिन घोषणा के बाद से ही रुके हुए हैं।

### पर्यटन क्षेत्र में रोजगार सृजन की काफी संभावनाएं

पर्यटन क्षेत्र की मदद से किसी भी क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। इसके अलावा वहां के जीवन स्तर को भी ऊपर उठा सकता है। लोग देश और राज्य के विभिन्न हिस्सों में जाकर प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति देखने के लिए पर्यटन विकास ,एवं परियोजनाएं महत्वपूर्ण साबित होते हैं। वहीं वसई-विरार एक पर्यटन क्षेत्र है, लेकिन इस पर्यटन स्थलों का विकास नहीं किया जा रहा है।

### 7 वर्ष बीतने के बाद भी नहीं हुआ पणजू बीच का विकास

गौरतलब है कि वसई तालुका के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन गंतव्य नीति आयोग ने पहले चरण में देश के 1 हजार 382 द्वीपों में से 26 द्वीपों का चयन किया है। उन 26 द्वीपों में वसई का पणजू द्वीप भी शामिल है। इस द्वीप को ₹समग्र द्वीप विकास कार्यक्रम₹ (होलिस्टिक डेव्हलपमेंट ऑफ आयलंड्स प्रोग्राम) के तहत विकसित किया जाना था। लेकिन लगभग सात वर्ष बीत जाने के बावजूद इस द्वीप के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

---

## सोमनाथ सुर्यवंशी संदिग्ध मौत व गृहमंत्री के विरोध में निषेधार्थ मोर्चा

### सोमवार शिव-फुले-शाहू-आंबेडकर के संयुक्त में मोर्चा



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

परभणी में सोमनाथ सुर्यवंशी नामक नवयुवक का पुलिस कस्टडी में संदिग्ध मौत व गृहमंत्री अमित शाह का बाबासाहेब आंबेडकर पर विवादित बयान को लेकर सोमवार को ठाणे की सभी आंबेडकर वादी पक्ष की ओर से बड़े पैमाने पर मोर्चा निकाला जायेगा।यह जानकारी शिव, फुले, शाहू, आंबेडकर अनुयायी मोर्चा नियोजन समिति के निमंत्रक नानासाहेब इंदिसे ने पत्रकार परिषद में दिया।इस अवसर राजाभाऊ चव्हाण, भास्कर वाघमारे, सुनील खांबे, सुखदेव उबाले, आबासाहेब चासकर, पंढरीनाथ गायकवाड, गोविंद पठारे, प्रल्हाद मगरे, जयवंत बैले, शंकर जमदाडे, समाधान तायडे, राहुल घोडके, लोभसिंग राठोड, विशाल ढेंगळे, बाबासाहेब येडेकर, डॉ. प्रमोद जाधव, सुरेश कांबले, अशोक कांबले, विमलताई सातपुते, सुमनताई इंगले, दैवशाला हराले आदी उपस्थित थे।यह मोर्चा ठाणे स्टेशन डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के पुतला से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक जाने की तैयारी है।

## भिवंडी के शुभम लॉज में 24 वर्षीय महिला ने लगाई फांसी, आरोपी गिरफ्तार

**▶▶ पिता ने आरोप लगाया कि फांसी लगाने का कारण प्रेमी का शादी से इनकार करना है**



**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के वलपाड़ा इलाके में कल शाम शुभम लॉजिंग में एक 24 वर्षीय युवती के फांसी लगा कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना का कारण प्रेमी का शादी से इनकार करना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची नारपोली पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम हेतु भिवंडी के आईजीएम अस्पताल भेज दिया है, और मृतक महिला के पिता की शिकायत पर ठाणे निवासी राहुल रामप्रीत यादव 26 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ के युवती को फांसी लगाने के लिए उसकाने का मालम दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाणे के वागले स्टेट में रहने वाले जिवलाल विदेशी चौहान 48 वर्ष ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी और राहुल यादव का एक दूसरे से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार की सुबह 11 बजे उनकी बेटी राहुल यादव के साथ गई थी। जिसके बाद वलपाड़ा स्थित शुभम लॉज में फांसी लगाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। पिता का आरोप है कि राहुल यादव के शादी से इनकार करने पर उनकी बेटी ने स्वयं को फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। आगे की कार्रवाई जारी है। यह जानकारी नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक भरत कामथ ने दी है।

## एरिया का भाई बता कर लूटमार करने वाले 4 पर मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**




भिवंडी के गायत्रीनगर स्थित राम नगर इलाके में चार युवकों ने अपने आपको एरिया का भाई बताकर इटली बेचने वाले के साथ लूटमार की है। इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम नगर की पहाड़ी पर रहने वाले अफजल छब्बन खान जो इटली बेचने का काम करते है। जिनके घर रात 11:30 बजे 4 युवक इस्लाम, इमरान, शहनाज और नासीर अपने हाथों में लकड़ी का डंडा, लोहे की सलाई और कांच की बोतल लिए पहुंचे, जिन्होंने अफजल खान को धमकी देते हुए उनसे पैसों की मांग की। अफजल खान ने उन्हें पैसे देने से इनकार कर दिया। जिसपर उक्त चारों आरोपियों ने उनके घर में घुसकर उन्हें गाली गलौज कर मारने पीटने लगे, और घर में रखा 25 हजार नगद रूपये छीन लिए। बीच बचाव करने आए लोगों को भी उन चारों ने हथियार के दम पर धमकाया। इतना ही नहीं उक्त चारों आरोपियों ने इलाके में दहशत निर्माण कर कहा कि हम एरिया के भाई है। जिसके डर से आस पास के लोगों ने अपने घर के दरवाजे व खिड़की बंद कर लिए। शांतिनगर पुलिस ने अफजल खान की शिकायत पर उक्त चारों लुटेरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309(6), 333, 115(2), 324(4), 352, 351(2), 3(5) सहित आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम की कलम 3, 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस चारों लुटेरों की तलाश सरगर्मी से कर रही है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक पाटील कर रहे है।

## स्लैब गिरने से 2 लोग जख्मी

**आशु विश्वकर्मा | नालासोपारा**



शहर के पूर्व में स्थित टाकी रोड सर्वोदय वसाहत स्थित मुकुंद स्मृति अपार्टमेंट में एक इमारत का स्लैब गिरने से दो लोग घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार नालासोपारा पूर्व के टाकी रोड पर सर्वोदय वसाहत मुकुंद स्मृति अपार्टमेंट की चार मंजिला इमारत है। यह इमारत 15 से 20 साल पुरानी है।इसमें एक फ्लैट का स्लैब शुक्रवार रात 11 अचानक ढह गया। इससे दूसरी मंजिल पर रहने वाले संदीप सदानंद शिंदे (53), अनीता संदीप शिंदे (46) घायल हो गए । घायलों को सर्वोदय कॉलोनी निवासी महेंद्र कदम और उनके साथियों ने इलाज के लिए मनपा अस्पताल ले गए। लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्हें आगे के इलाज के लिए मुंबई के नायर और शालिनी ताई अस्पताल ले जाया गया है।

---

## नौपाड़ा पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को दिया सुरक्षा का पाठ

### घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सावधान रहने के लिए पुलिस ने कहा

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

नौपाडा प्रभाग समिति के अंतर्गत घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण विषय है। कभी-कभी घर का काम करने के लिए नौकर या नौकरानी रखना पड़ता है। बिना किसी जानकारी के मदद करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए खतरा की घंटी बन जाते हैं। इससे बचाव के लिए नौपाड़ा पुलिस ने हाल ही में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि और धोखाधड़ी की घटनाओं से बचने के लिए सीनियर सिटीजन क्लब ठाणे नॉर्थ के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक अनूठा जागरूकता कार्यक्रम ₹तरुण व्हा तरूण राह का आयोजन किया। वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को खतरे और धोखाधड़ी की घटनाओं को देखते हुए इस पर कहीं न कहीं रोक लगाना बहुत जरूरी है। इसी कड़ी में नौपाड़ा पुलिस और सीनियर सिटीजन



क्लब ठाणे नॉर्थ के सहयोग से ज्ञानवर्धिनी हॉल में वरिष्ठ नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई। इस समय छोटी-छोटी गलतियों के कारण वरिष्ठ नागरिकों को कभी-कभी बड़ा दिल दुखाना पड़ता है। बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक अकेले रहते हैं क्योंकि उनके बच्चे विदेश में हैं। इसलिए कभी-कभी इन वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए बिना किसी जांच के एक निजी एजेंसी के माध्यम से एक सहायक को काम पर रखा जाता है जो बुजुर्गों के लिए मुसीबत बन गया है। नौपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अभय महाजन ने कहा की इसलिए घर में किसी भी नौकर या नौकरानी को रखते समय उसकी जानकारी नजदीकी पुलिस स्टेशन को देना जरूरी है। वर्तमान समय में साइबर सेल अपराधों की संख्या बढ़ गई है। इसलिए यदि आपसे किसी अज्ञात फोन पर बैंक खाते या कूरियर की जानकारी मांगी जाए तो सुनिश्चित कर तभी उत्तर दें। दरवाजे पर सेफ्टी डोर लगाना बहुत जरूरी हैकिसी अजनबी को जल्दी से घर में न ले सोसायटी, घर के पास सीसी कैमरा लगवाएं। सोने के आभूषण पहनकर घर से बाहर निकलते समय सावधान रहें।कीमती आभूषणों को घर में बंद करने के बजाय दूसरे स्थान पर छिपाकर रखना चाहिए इस संबंध में वरिष्ठ नागरिकों को मार्गदर्शन देकर उनकी कठिनाइयों को समझते हुए डायल 112 के बारे में जानकारी दी गई। सड़क पर एक अकेले व्यक्ति को रोका गया और आगे की पुलिस जांच चल रही है।

## पालघर में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आए तीन लोग

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

**दो की मौत, एक गंभीर घायल**



महाराष्ट्र के पालघर जिले में शुक्रवार को एक बंद रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा पालघर रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर चौक पर बंद फाटक के पास रात लगभग 8.30 बजे हुआ। ये तीनों लोग रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे । इसी दौरान आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी मिलने पर रेलवे पुलिस (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल व्यक्ति का पालघर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकारी के अनुसार, बिहार के मोतिहारी के रहने वाले तीनों व्यक्ति यहां बोईसर में औद्योगिक मजदूर के रूप में काम कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, जयपुर एक्सप्रेस मुंबई से गुजरात जा रही थी। पालघर रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर चौक पर बंद रेलवे फाटक के पास जैसे ही ट्रेन पहुंची इसी दौरान ये तीनों लोग इसके चपेट में आ गए। चपेट में आने की वजह से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक घायल हो गया। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि जानकारी मिलते ही 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया और तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराते हुए घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है। विनीत अभिषेक ने कहा कि "पश्चिम रेलवे सभी से नियमों का पालन करने तथा किसी भी तरह की अनाधिकार प्रवेश न करने का अनुरोध करता है। यह उनकी अपनी भलाई तथा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अनाधिकार प्रवेश से रेल यात्रियों की जान को भी खतरा होता है।'

## प्रहार जन शक्ति पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष समेत पांच लोगों के खिलाफ हफ्ता वसुली का मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**




प्रहार जन शक्ति के ठाणे जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वप्निल दिलीप पाटिल के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में हफ्ता वसूली का मामला दर्ज किया गया है,उन पर एक भवन निर्माता से एक करोड़ रुपये हफ्ता मांगा था। पाटिल और तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज होने से शहर में हड़कंप मच गया है। और पुलिस ने आज पाटिल और तिवारी को पुलिस स्टेशन बुलाकर चार घंटे तक पूछताछ की। उल्हासनगर कैंप- 5 में रहने वाले राजेश जवाहरलाल गेमनानी एक भवन निर्माता हैं।उन्होंने हिल लाइन पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि गायकवाड़ पाड़ा और समतानगर कुर्ला कैंप में उनका निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण को लेकर प्रहार जन शक्ति पार्टी के एडवोकेट स्वप्निल पाटिल ने मनपा के नगर रचना विभाग के सभागृह में राजेश गेमनानी से मुलाकात करते हुए कहा कि आपने 100 करोड़ का टीडीआर घोटाला किया है। हमने हिल टाउन, झलक और कलानी सोसायटी नामक इमारतों के बारे में शिकायत की है। यदि आप अपने निर्माण के बारे में शिकायत नहीं करना चाहते हैं,एक करोड़ रुपये हम्हे दे।इस बात पर गेमनानी ने पाटिल को हफ्ता देने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया ।इस बात से नाराज होकर पाटिल और उनके सहयोगियों ने नगर रचना विभाग के प्रमुख सचिव से मेरे निर्माण कार्य की शिकायत की है। कुछ दिन बाद नेता जी चौक पर एडवोकेट स्वप्निल पाटिल ने मुझसे 1 करोड़ के बदले 25 लाख की मांग की, उन्होंने कहा कि मुझे इन लोगों का ख्याल रखना है और ये पैसे उन्हें देने होंगे और मैंने अपने बंगले पर एक बैग में 5 लाख रुपये दिए और कहा कि बाकी 20 लाख रुपये अगले दिन दूंगा। उनके पास इसका सीसी फुटेज भी उपलब्ध है। हिल लाइन पुलिस ने राजेश जवाहरलाल गेमनानी एडवोकेट की शिकायत पर स्वप्निल पाटिल और शैलेश तिवारी और चार-पांच अन्य के खिलाफ धारा 308(3) 308 (5) 308 (4) 351 (2) 352 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप कर रहे हैं।

---

## नाबालिक से छेड़छाड़

### आरोपी रिक्शा ड्राइवर गिरफ्तार

**आशु विश्वकर्मा | वसई**

16 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ करने वाले ऑटो रिक्शा चालक को मानिकपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 17 दिसंबर को लड़की अपनी मां के साथ खरीदारी करने गई थी। शाम करीब साढ़े छह बजे वह घर जाने के लिए रिक्शा में अकेली बैठी थी। लेकिन रिक्शा चालक ने रिक्शा को उमेलमान के पास सुनसान जगह पर ले जाकर लड़की के साथ छेड़छाड़ किया। इस घटना से पीड़िता लड़की काफी डर गई वह किसी तरह भागकर थाने पहुंची।

### दो दिन की पुलिस हिरासत में आरोपी

मानिकपुर पुलिस ने शुरू में अदखलपात्र मामला दर्ज किया था । जिस कारण से नायगांव में



रहने वाले नागरिकों में गुस्सा फैल गया था। सामाजिक कार्यकर्ताओं की मध्यस्थता के बाद पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 75(1) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम की धारा 1, 12 और अन्य के तहत मामला दर्ज किया ।तभी से रिक्शा चालक फरार चल रहा था ।आखिरकार मानिकपुर पुलिस ने जाल बिछाकर नायगांव इलाके से शुक्रवार को रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया। मानिकपुर थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक जगदीश वाल्वी ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया और उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में कहानी लेखन पर दो दिवसीय कार्यशाला

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

छात्रों में लेखन कौशल शक्ति को विकसित करने तथा लिखने में रुचि पैदा करने हेतु 23और 24 दिसम्बर 2024 को एवी हाल में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज,भिवंडी एवं मावा एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट अहमदाबाद (गुजरात) के सहयोग से कहानी लेखन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के पैंतीस छात्र-छातराएं शामिल हुईं। प्रथम दिन की कार्यशाला विद्यालय के एवीआई हाल में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित की गयी। उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विषय के महत्व को व्यक्त किया।ततपश्चात शायर एवं आलोचक प्रोफेसर अमीर हमजा



साकिब ने 'कहानी और उसके घटक तत्व' विषय पर छात्रों को संबोधित किया और अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए। ब्रेक के बाद दूसरे सत्र की शुरुआत कोकन मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी के सचिव दानियाल काजी ने की. उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की कार्यशाला से छात्रों में लेखन कौशल का विकास होगा इस मौके पर कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे और चेयरमैन यासिर तातली ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वरिष्ठ कहानीकार एम. मुबीन ने पहले 'कहानी कौन लिख सकता है' और फिर 'कहानी लिखने की तैयारी' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।दूसरे दिन के प्रथम सत्र का उद्घाटन शमीम इकबाल मोमिन सर ने किया।ततपश्चात एम मुबीन सर ने आओ कहानी लिखे एवं कहानी लिखने का अभ्यास विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया दूसरे दिन का दूसरा सत्र बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि प्रसिद्ध आलोचक और लेखक असलम परवेज़ (मुम्बई) ने 'कहानी लेखन के लिए सामग्री प्राप्त करना' विषय पर तथा नया वरक़ के संपादक शादाब रशीद (मुम्बई) ने 'कहानी के कथानक का विस्तार कैसे करें' विषय पर अपने अनुभव एवं विचार छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किए कार्यशाला में बोलते हुए समर फाउंडेशन मालेगांव के अध्यक्ष अशफाक उमर ने कहा कि कोई भी घटना जो आप के साथ हो रही हो उसी में से शीर्षक निकालना कला है।" रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'कार्यशालाएं और सेमिनार केवल नाम के लिए नहीं होनेचाहिए। हमें उम्मीद है कि यह दो दिवसीय सेमिनार कहानी लेखन के लिए एक आधार के रूप में काम करेगा। छात्रों को कहानी लिखने से पहले कहानी पढ़ने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इस कार्यशाला के लिए प्रसिद्ध शोधकर्ता खलीख-उज़-ज़मान नुसरत ने भी अपनी प्रसन्नता एवं शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यशाला में एम. मुबीन के नेतृत्व एवं देखरेख में प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## दूसरी महिला के साथ संबंध के शक में हुई सतीश वाघ की हत्या

### पत्नी ने ही दी थी 5 लाख की सुपारी

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**



महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य (MLC) योगेश तिलेकर के मामा सतीश वाघ के हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में पता चला है कि सतीश वाघ की पत्नी आरोपियों को 5 लाख की सुपारी देने को तैयार थी और इसी वजह से उनकी हत्या हुई। पुलिस जांच में पता चला कि सतीश वाघ की पत्नी मोहिनी वाघ ने संपत्ति और अनैतिक संबंधों के शक के चलते हत्या की थी। इस बीच ये सारी बातें सामने आने के बाद पुलिस जांच के दौरान मोहिनी वाघ ने अपने पति सतीश पर बाहर अनैतिक संबंध रखने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच के समय मोहिनी ने आरोप लगाया कि पति सतीश वाघ का भी किसी और महिला के साथ संबंध था। वह पिछले दस साल से मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहा था। जांच अधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर सुदर्शन गायकवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि हत्याकांड की मुख्य आरोपी मोहिनी ने पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है कि यह सारी परेशानी असहनीय थी। सतीश वाघ की हत्या के मामले की जांच के लिए कोर्ट ने मोहिनी सहित सभी आरोपियों को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस बीच हत्या के आरोपी आतिश जाधव के के धाराशिव स्थित घर से उसके खून से सने कपड़े मिले हैं।सतीश वाघ की हत्या के लिए अक्षय जावलकर को 5 लाख रुपये कैसे दिए गए, इसकी जांच के लिए अक्षय के सभी बैंक खातों की जांच की गई है।

# मराठी एक्ट्रेस की कार ने दो मजदूरों को कुचला

### एक की मौत, FIR दर्ज

मुंबई। मराठी एक्ट्रेस उर्मिला कोठारे की कार ने शनिवार तड़के मुंबई के कांदिवली में दो मजदूरों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। अभिनेत्री उर्मिला कोठारे और उनके ड्राइवर को भी चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार उर्मिला शुक्रवार की रात शूटिंग के बाद घर लौट रही थीं। तभी उनकी कार ने पोइसर मेट्रो स्टेशन के पास काम कर रहे दो मजदूरों को कुचल दिया। स्थानीय पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में एक्ट्रेस और उनका ड्राइवर भी घायल हो गए।

कहा जा रहा है कि मराठी अभिनेत्री उर्मिला कोठारे का ड्राइवर तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। तभी अचानक उसने कंट्रोल खो दिया। कार का एयरबैग खुलने से उर्मिला और उनके ड्राइवर को तो मामूली चोटें आईं, लेकिन गाड़ी की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज



इस हादसे के बाद मुंबई के समता नगर थाने में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि कार में एयरबैग लगा हुआ था, जिसकी वजह से उर्मिला की जान बच गई। हालांकि इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। पुलिस के अनुसार कार बहुत तेज रफ्तार में थी। समता नगर पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि ''उर्मिला कोठारे की कार ने आधी रात के बाद कांदिवली पूर्व में पोइसर मेट्रो स्टेशन के नीचे मेट्रो रेल के काम में लगे दो मजदूरों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में अभिनेत्री और उनका चालक भी घायल हो गए। लेकिन सही समय पर एयरबैग खुल जाने से उनकी जान बच गई।" उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चालक ने कार पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण वाहन ने सड़क किनारे काम कर रहे लोगों को टक्कर मार दी।

### इन फिल्मों में किया है काम

बता दें कि उर्मिला कोठारे मराठी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस हैं। उन्होंने दुनियादारी', 'शुभ मंगल सावधान', 'ति साद्या के करते' 'गुरू', काकन, थैंक गॉड जैसी कई फिल्मों में काम किया है। दिग्गज मराठी एक्टर महेश कोठारे के बेटे आदिनाथ कोठारे से उर्मिला की शादी हुई है।

# अवैध रूप से महाराष्ट्र में रह रहे 16 बांग्लादेशी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में एटीएस की टीम ऐसे लोगों की तलाश कर रही है जो अवैध रूप से वहां रह रहे हैं। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने स्थानीय पुलिस की मदद से अवैध रूप से भारत में आने वाले 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन बांग्लादेशी नागरिकों पर आरोप है कि वो वैध दस्तावेजों के बिना यहां रह रहे थे। इनमें छह महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस की तरफ से शुरू किए गए एक विशेष अभियान के दौरान इन बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी की गई है। एटीएस के अधिकारी नवी मुंबई, ठाणे और सोलापुर में पुलिस की मदद से पिछले 24 घंटों में कार्रवाई की है।

### फर्जी डॉक्यूमेंट की मदद से बनवाया था पहचान पत्र



बांग्लादेशी नागरिकों पर विदेशी अधिनियम और अन्य संबंधित कानून के तहत तीन केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'ये बांग्लादेशी नागरिक जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके आधार कार्ड जैसे भारतीय डॉक्यूमेंट बनवा लिए थे, जिसकी मदद से वो यहां आसानी से रह रहे थे। ये सभी डॉक्यूमेंट फर्जी थे। एक अधिकारी ने बताया कि एटीएस और पुलिस के एक संयुक्त दस्ते ने जालना जिले से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी भोकरदन तालुका में क्रशर मशीनों पर काम कर रहे थे। एटीएस और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान में इन्हें अनवा और कुंभारी गांवों से गिरफ्तार किया गया।

### 2 सालों से अवैध रूप से रह रहे थे

पुलिस और एटीएस की जांच में सामने आया है कि ये सभी बांग्लादेशी नागरिक पिछले 2 सालों से यहां अवैध रूप से रह रहे थे। एटीएस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि तीनों ने भारत में अवैध रूप से काम करने के लिए अपने पहचान पत्र को फर्जी तरीके से बनवाया था। इसी फर्जी डॉक्यूमेंट्स की वजह से किसी को उनपर शक नहीं हुआ और उन्होंने 2 सालों का लंबा समय आसानी से यहां बिता दिया। इन सभी पर भारतीय न्याय संहिता और विदेशी अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

संतोष देशमुख हत्या मामला

# अपमानजक टिप्पणी पर माफ़ी मांगे विधायक सुरेश धस :प्राजक्ता माली

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अभिनेत्री प्राजक्ता माली ने सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मंत्री धनंजय मुंडे को निशाना बनाने के प्रयास में उनका नाम घसीटने के लिए शनिवार को भारतीय जनता पार्टी विधायक सुरेश धस की आलोचना की। बीड जिले के मासजोग के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को बीड में एक ऊर्जा फर्म पर जबरन वसूली की कोशिश को विफल करने के प्रयास के दौरान अपहरण कर लिया गया था। देशमुख को प्रताड़ित किया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और जबरन वसूली मामले में आरोपी वाल्मिक कराड को लेकर राजनीतिक खींचतान जारी है। बताया जाता है कि वह परली से विधायक मुंडे का करीबी है।



### विधायक की टिप्पणी निराधार

अभिनेत्री प्राजक्ता माली ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक सुरेश धस की टिप्पणी पूरी तरह से निराधार है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, खासकर कलाकारों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। माली ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उनकी परली यात्रा से संबंधित वीडियो के पिछले डेढ़ महीने से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने और फर्जी खबरों पर उनकी चुप्पी को सहमति के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### मुझे धनंजय मुंडे से जोड़ने वाली टिप्पणी अपमानजनक

अभिनेत्री प्राजक्ता माली कहा कि कलाकार इस तरह की बदनामी से दूर रहना पसंद करते हैं। लेकिन सुरेश धस एक निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और वह जो कहते हैं और जिस तरह से कहते हैं उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। धस की टिप्पणी झूठी और निराधार है। मुझे धनंजय मुंडे से जोड़ने वाली उनकी टिप्पणी अपमानजनक है।'

### विधायक को मांगनी चाहिए माफी

प्राजक्ता माली ने कहा कि जब सोशल मीडिया पर इस तरह की नकारात्मकता फैलाई जा रही थी, तब उनके परिवार और दोस्तों ने उन पर विश्वास किया लेकिन जब कोई विधायक इस तरह की टिप्पणी करता है तो इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। माली ने कहा कि धस को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और वह विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने पर विचार कर रही हैं।

### माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता: सुरेश धस

इस बीच, भाजपा विधायक सुरेश धस ने कहा कि माली से माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता और उन्होंने कुछ भी आपत्तिजनक नहीं कहा है। धस ने कहा 'मैं उन्हें नहीं जानता और वह मेरी दुश्मन नहीं हैं। उन्हें कल जो मैंने कहा था, उसे फिर से सुनना चाहिए।' भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने धस से सरपंच हत्या मामले में मुंडे पर सार्वजनिक रूप से हमला करने से बचने को कहा है।

# तेज रफ्तार टेम्पो ने पैदल यात्रियों को रौंदा

### एक महिला की मौत, चार घायल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शुक्रवार को घाटकोपर में एक तेज रफ्तार टेम्पो ने पैदल चल रहे यात्रियों को रौंद दिया, जिसमें एक ने जगह पर ही दम तोड़ दिया। शुक्रवार को घाटकोपर पश्चिम, मुंबई में तेज रफ्तार टेम्पो ने पांच पैदल यात्रियों को रौंद दिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

मुंबई पुलिस ने बताया, "घाटकोपर पश्चिम, मुंबई के चिराग नगर में तेज रफ्तार टेम्पो ने पांच लोगों को रौंद दिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।





### मृतक और घायलों की हुई पहचान

टेम्पो चालक उत्तम बबन खराट को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और टेम्पो को जब्त कर लिया है।" मृतक महिला की पहचान घाटकोपर पश्चिम मुंबई निवासी प्रीति रितेश पटेल (35 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना में घायल सभी लोगों को पुष्टि हो गई है। घायलों की पहचान रेशमा शेख (23 वर्ष), मारुफा शेख (27 वर्ष), तोफा उझार शेख (38 वर्ष) और मोहरम अली अब्दुल रहीम शेख (28 वर्ष) के रूप में हुई है।

### डीसीपी ने घटना की दी पूरी जानकारी

जोनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) के अनुसार, शाम करीब 6.30 बजे नारायण नगर से कोल्ड ड्रिंक लेकर आ रहा टेम्पो तेज गति से जा रहा था। टेम्पो चालक ने स्टीयरिंग व्हील पर से नियंत्रण खो दिया और पास से गुजर रहे पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया और घाटकोपर पुलिस के हवाले कर दिया।

### पुणे में भी ऐसा ही एक मामला

इससे पहले पुणे से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां फुटपाथ में सो रहे कुछ लोगों को निंद में ही एक ट्रक ने रौंद दिया। पुलिस ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र के पुणे शहर में फुटपाथ पर सो रहे लोगों को ट्रक ने रौंद दिया जिससे दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए।

# गोदाम में लगी भीषण आग

## घटनास्थल पर 10 से ज्यादा दमकल गाड़ियां मौजूद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शनिवार की सुबह कुर्ला (पश्चिम) के एक बाजार में कबाड़ और प्लास्टिक सामग्री के एक गोदाम में लेवल 3 की आग लग गई। यह घटना वाजिद अली कंपाउंड, इंडिया मार्केट, खैरानी रोड, साकीनाका, कुर्ला (पश्चिम) में हुई। यह आग ग्राउंड फ्लोर पर 1000 x 500 वर्ग फीट के गोदाम और एक मंजिला इमारत के हिस्से में रखे स्क्रैप और प्लास्टिक सामग्री में लगी थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है।



### दमकल विभाग के अधिकारियों ने दी जानकारी

अधिकारियों ने इसे ''स्तर तीन" की आग बताया जो साकीनाका में वाजिद अली कंपाउंड के गोदामों में रखे कबाड़ और प्लास्टिक सामग्री तक सीमित रही। आग लगने की यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई। दमकल विभाग ने कहा, ''आग ने भूतल के 1,000 गुणा 500 वर्ग फुट के क्षेत्र और एक मंजिला संरचना को आंशिक तौर पर प्रभावित किया।" अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की 11 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

### मौके पर 10 दमकल की गांड़ियां

आग लगने की सूचना मिलते ही दस दमकल गाड़ियों की एक टीम मौके पर भेजी गई और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया गया। दमकल गाड़ियां स्थिति को काबू में करने के प्रयास कर रही हैं।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 8 घंटे तक फंसे रहे करीब 100 यात्री





**मुंबई।** मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली सुबह 6 ।30 बजे की इंडिगो की उड़ान लगभग आठ घंटे बाद रद्द कर दी गई। यात्रियों ने आरोप लगाया कि इस दौरान न तो उन्हें इसकी कोई जानकारी दी गई और न ही खाने-पीने की कोई व्यवस्था ही की गई।

मुंबई एयरपोर्ट पर करीब आठ घंटे तक करीब 100 यात्री फंसे रहे। उसके बाद मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली सुबह 6 ।30 बजे की इंडिगो की उड़ान लगभग आठ घंटे बाद रद्द कर दी गई। यात्रियों ने आरोप लगाया कि इस दौरान न तो उन्हें खाना दिया गया और न ही पानी। बता दें कि मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट सुबह 6 ।55 बजे उड़ान भरने वाली थी। इस यात्रा में करीब 100 यात्री थे, जिसमे छात्रों की संख्या अधिक थे। ये यात्री मुंबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे।

यात्रियों के अनुसार, उनकी फ्लाइट सुबह 6:55 बजे मुंबई से इस्तांबुल के लिए निर्धारित थी, लेकिन देरी हो गई, जिसकी सूचना उन्हें नहीं दी गई।

यात्रियों ने शिकायत की कि यात्रियों को विमान में कई घंटों तक बैठाए रखा गया। यात्रियों ने शिकायत की कि स्टॉफ सदस्यों की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई, जिससे वे असमंजस में हैं। पूछताछ करने पर उन्हें देरी के बारे में बताया गया।

**पश्चिम रेलवे**

**उन्नत रसायन सेल का प्रावधान**

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी, **निविदा सूचना संख्या: ईएल/81/896/डब्ल्यूए/56, दिनांक 27.12.2024 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान:** मुंबई डिवीजन भायंदर, वसई रोड, घोलवड, वलसाड और डोंडाईचा में उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज सिस्टम का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,77,00,000/- , **ईएमडी:** 2,38,500/- **जमा करने की तिथि और समय:** 31.01.2025, 15:00 बजे तक। **खोलने की तिथि और समय:** 31.01.2025 को 15:30 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं।

0891

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# BMC चुनाव को लेकर एमवीए में टूट

## शिवसेना (यूबीटी) के बाद अबू आजमी ने किया अकेले लड़ने का ऐलान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विधानसभा चुनाव में हार के बाद एमवीए में टूट होती दिख रही है। बीएमसी चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आजमी ने दावा करते हुए कहा है उनकी पार्टी अकेले ये चुनाव लड़ेगी।

महाराष्ट्र में होने वाले निकाय चुनावों को लेकर सियासी पार्टियां सक्रिय नजर आ रही हैं और सभी अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गई हैं। इधर विधानसभा चुनाव में हार के बाद एमवीए में टूट होती भी दिख रही है। शिवसेना (यूबीटी) पहले ही बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने का मन बना चुकी हैं। इस बीच बीएमसी चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आजमी ने दावा करते हुए कहा है उनकी पार्टी अकेले ये चुनाव लड़ेगी। उन्होंने ये भी कहा कि हम सेक्युलर लोग हैं और हमारी पार्टी को सांप्रदायिकता बर्दाश्त नहीं है।

बीएमसी चुनाव एमवीए गठबंधन के साथ लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि "महाविकास अघाड़ी से मैं पहले ही अलग हो चुका हूं क्योंकि हम सांप्रदायिकता बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। अभी आपने ने देखा कि उद्धव ठाकरे ने कह दिया कि वो अकेले बीएमसी चुनाव लड़ेंगे। समाजवादी पार्टी भी अकेले चुनाव लड़ेगी।"



### 150 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष आजमी ने दावा करते हुए कहा कि इस बार हम कम से कम 150 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हम देख रहे हैं कि गठबंधन के बावजूद एमवीए में कोई को-ऑर्डिनेशन नहीं है। सीटों के बंटवारे को लेकर आखिरी तक झगड़ा चलता रहता है और सीटें लेने के बाद हार जाते हैं। इसलिए बीएमसी चुनाव समाजवादी पार्टी अलग लड़ेगी।

### राम मनोहर लोहिया के उसूलों से समझौता नहीं

सपा विधायक अबू आजमी ने कहा कि राम मनोहर लोहिया के उसूलों पर चलने वाले मुलायम सिंह यादव ने कभी सांप्रदायिकता को बर्दाश्त नहीं किया था। सपा ने हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, दलित, किसान, मजदूर और नौजवान सभी को एक तरह से देखा। उसी लाइन पर चलकर समाजवादी पार्टी काम करेगी।"

बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने हाल में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा था कि बीएमसी चुनाव के लिए हिंदुत्व के मुद्दे को जनता के बीच ले जाएं। उन्होंने कहा था कि "हिंदुत्व के लिए शिवसेना (यूबीटी) पहले से ही लड़ रही है, कल भी लड़ेगी और लड़ती रहेगी।"



### समाजवादी पार्टी सेक्युलर

अबू आजमी ने कहा कि "उद्धव ठाकरे जी को आपने सुन लिया है कि वो अलग लड़ने वाले हैं। मैं पहले ही बोल चुका हूं कि जो लोग हिंदुत्व की बात करेंगे, बाबरी मस्जिद ढाहने वालों को बधाई देंगे तो ऐसे लोगों के साथ समाजवादी पार्टी नहीं रह सकती है। समाजवादी पार्टी एक सेक्युलर पार्टी है।"

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# एक युगीन राजनेता

निःस्संदेह, ख्यात अर्थशास्त्री और एक कुशल प्रशासक डॉ. मनमोहन सिंह का अवसान देश-दुनिया के लिये एक दुखद क्षण है। आज के दौर में उन जैसा कुशाग्र बुद्धि का अर्थशास्त्री व सहज-सरल व्यक्ति होना दुर्लभ ही है। वे ऐसे विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी थे कि तमाम विषम परिस्थितियों में भी अपनी सज्जनता और विनम्रता बरकरार रखते थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संप्रग गठबंधन की पराजय के अगले दिन 17 मई को प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र के नाम अपने अंतिम संबोधन में उन्होंने चिरपरिचित विनम्रता को दोहराया कि बड़ी जिम्मेदारी निभाते हुए भी उनका जीवन एक खुली किताब रहा है। उनके इस कथन पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि उन्होंने वित्तमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सदैव राष्ट्र के लिए अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास किया। पहले वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की नीतियों का कुशल नेतृत्व किया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री के रूप में महती भूमिका निभायी। निस्संदेह परिस्थितियां हमेशा हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं होती, लेकिन कड़ी मेहनत से उसे हासिल किया जा सकता है। वे कहते थे 'परिश्रम मेरा उपकरण और सच्चाई मेरा प्रकाश स्तंभ रहा है।' निर्विवाद रूप से सच्चाई और पारदर्शिता सदैव उनके व्यक्तित्व की आभा रही। उनके नेतृत्व वाली सरकार की एक बड़ी उपलब्धि वर्ष 2005 में सूचना अधिकार अधिनियम का अस्तित्व में आना था। इस ऐतिहासिक कानून का मकसद देश के नागरिकों को सशक्त बनाना और सरकारी विभागों के कामकाज में आवश्यक जवाबदेही सुनिश्चित करना था। इस सार्थक पहल से तंत्र के चारों ओर बना गोपनीयता का पर्दा आखिरकार हटा दिया गया। कालांतर लोगों को अहसास हुआ कि लोकतंत्र में सिर्फ वोट डालने के अलावा भी उनके तमाम अधिकार हैं। इसके अलावा वर्ष 2005 में एक अन्य अग्रणी सुधार के रूप में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू होना भी ग्रामीण विकास की यात्रा में मील का पत्थर साबित हुआ। निर्विवाद रूप से मनरेगा ने सामाजिक कल्याण के उपाय के रूप में ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा को मजबूत करके जीवन बदलने में मदद की। जिसका सकारात्मक प्रतिसाद अगले आम चुनावों में संप्रग को मिला भी। इसके बावजूद मनमोहन सिंह अपनी सरकार की पहलों के बारे में शेखी बघारने और खुद अपनी पीठ थपथपाने में विश्वास नहीं रखते थे। उनकी प्राथमिकता खुद से पहले देश सेवा की रही है। लेकिन उनकी विफलता उन विसंगतियों को दूर न कर पाने में रही, जिसके चलते कालांतर यूपीए सरकार का पतन हुआ। यही वह चूक थी जिसके चलते भाजपा संप्रग सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मुद्दे को भुनाकर कांग्रेस से सत्ता छीनने में सफल रही। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत-अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु समझौते को अमलीजामा पहनाया जा सका। जिसने कालांतर दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग के लिये गेमचेंजर की भूमिका निभायी। इसके बाद ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयां मिल सकी। निश्चय ही वर्ष 2008 के आतंकी हमले से भारत के मर्म पर चोट लगी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई से बचने का फैसला किया। इस व्यावहारिक निर्णय ने दोनों पड़ोसियों को एक और युद्ध में फंसने से रोक दिया था। बहरहाल, उनके योगदान को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का हमेशा सम्मान किया जाएगा। निस्संदेह, देश के सत्ताधीश मनमोहन सिंह की विरासत से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जो बताते थे कि कोई भी व्यक्ति या सरकार देश से बड़ी नहीं हो सकता। यह भी कि काम बोलता है, उसे शब्दों से बयां करने की जरूरत नहीं है।

# कट्टरपंथियों के वर्चस्व से बढ़ी वैश्विक चिंताएं



डॉ. एन.के. सोमानी

पिछले दिनों मिडल ईस्ट के सीरिया में जो तख्तापलट की घटना हुई उसके बाद अरब स्प्रिंग फिर चर्चा के केन्द्र में आ गया है। अरब स्प्रिंग या क्रांति के दौरान मध्यपूर्व में दशकों से सत्ता के केन्द्र में रहे शाही परिवारों व सैन्यशासकों को रुख्सत होना पड़ा था। सैन्य शासकों की ज्यादतियों और तानाशाही के खिलाफ ट्यूनीशिया में जो चिंगारी सुलगी उसने अरब गणतंत्र की कई बड़ी शक्तियों को अपनी जद में ले लिया था। मिस्र के हुस्नी मुबारक हो या लीबिया के कर्नल गद्दाफी- इन तनाशाही शासकों को या तो देश छोड़कर भागना पड़ा या मौत के घाट उतार दिए गए।

यमन के अली अब्दुल्ला सालेह के साथ भी ऐसा ही हुआ। तानाशाहों की सत्ता किस तरह से कुछ ही क्षणों में भरभराकर गिर जाती है, उस वक्त दुनिया ने देखा था। रूस और ईरान जैसी बड़ी ताकतों के साथ मिल जाने के कारण उस वक्त सीरिया का 'प्रेसिडेंशियल पैलेस' विद्रोहियों की पहुंच से बच गया था। अब जिस ढंग से सीरिया में तानाशाह राष्ट्रपति बशर-अल-असद को देश छोड़कर भागना पड़ा है उसे देखकर अरब स्प्रिंग की याद ताजा हो जाती है। तख्तापलट के बाद विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेता मोहम्मद अल-जुलानी ने मोहम्मद अल-बशीर को कार्यवाहक सरकार का मुखिया नियुक्त करते हुए जन सहमति से सरकार बनाने की बात कही है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया है। लेकिन साथ में उन्होंने यह भी कहा है कि शासन इस्लामिक सिद्धातों पर आधारित होगा। इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की वजह से सीरिया पहले से ही काफी खराब स्थिति में है। अब जुलानी की जिस तरह से इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर शासन चलाने की योजना है उससे वैश्विक समुदाय की चिंता बढ़ गई है। खासतौर से ईरान की।

तख्तापलट के बाद जिस तरह से विद्रोही गुट के लड़ाकों की ओर से असद समर्थकों पर अत्याचार की तस्वीरें सामने आ रही हैं, उसे देखते हुए यह सवाल उठने लगा है कि कहीं सीरिया फिर से आईएसआईएस की गिरफ्त में तो नहीं आ जाएगा। यह सवाल इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि एचटीएस अलकायदा की कोख से ही निकला हुआ आतंकी संगठन है। सीरिया में शासन व्यवस्था का स्वरूप कैसा होगा यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

एचटीएस नेतृत्व वाले समूह में तुर्किये की समर्थन वाली सीरिया राष्ट्रीय सेना अर्थात् एसडीएफ के शामिल होने की बात भी कही जा रही है। अगर ऐसा होता है तो सीरिया की पूरी व्यवस्था एचटीएस, कुर्द, एसडीएफ और स्थानीय मिलिशिया समूहों में बंटी हुई दिखाई देगी। ऐसे में अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित और परस्पर विपरीत हितों के लिए संघर्षरत इन गुटों के बीच एकता और शांति की बात करना हाथी को सूई के छेद से निकालने के बराबर होगा। ऐसे में सीरिया और उसकी अवाम का भविष्य क्या होगा, यह प्रश्न भी कौतूहल बढ़ा रहा है।

पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि क्रांति के दौरान रूस और ईरान जैसे देशों द्वारा राष्ट्रपति बशर-अल-असद और उनके समर्थकों को जो हथियार दिए गए थे, उनका क्या होगा। हथियारों का यह जखीरा सीरिया की सत्ता पर काबिज चरमपंथी गुटों के हाथ लग गया तो इसका उपयोग वह कब, कहां और किस रूप में करेंगे, यह प्रश्न सीरियाई अवाम के लिए जितना चिंताजनक है, उससे कहीं अधिक विश्व समुदाय के लिए भी है।

दरअसल, अरब स्प्रिंग के दौरान जब सीरिया में बशर-अल-असद के खिलाफ प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो उस वक्त रूस और ईरान की मदद से असद उसे कुचलने में कामयाब हो गये थे। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह से बदल चुकी है। रूस और ईरान दोनों ही अपनी-अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। पुतिन यूक्रेन को निपटाने में व्यस्त हैं। अली खामेनेई इस्राइली मोर्चे पर डटे हुए हैं। रणनीतिक हित और भू-राजनीतिक स्थितियां भी दोनों नेताओं के हाथ बांधे हुए हैं। रूस को लगता है कि यूक्रेन युद्ध अब अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में वह यूक्रेन के अधिक से अधिक भू-भाग पर कब्जा करना चाहता है ताकि संघर्ष विराम की स्थिति में वह उसे अपने पास रख सके। इस रणनीतिक हित के कारण वह अपनी पूरी सैन्य क्षमता के साथ यूक्रेन के मोर्चे पर डटे रहना चाहता है।

दशकों तक असद की ढाल बने रहने वाला ईरान भी हमास और हिजबुल्ला के सर्वोच्च कमांडरों के मारे जाने के बाद खौफ की स्थिति में है। अमेरिका और इस्राइली हमले के अंदेशे के चलते वह सीरिया में सीधे हस्तक्षेप से बच रहा है। लब्बोलुआब यह कि 2011 जैसी स्थिति अब नहीं थी। ऐसे में रूस और ईरान की नाक का बाल बने असद अकेले पड़ गए थे। विद्रोही गुटों ने हालात का फायदा उठाया और दमिश्क पर चढ़ाई कर दी।

हालांकि, असद सरकार के पतन के बाद अब दुनिया के कई ताकतवर देश वहां हालात सामान्य बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं लेकिन अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद जिस तरह से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इस्लामिक चरमपंथ का उभार हो रहा है, उसे देखते हुए सीरिया की सत्ता पर काबिज एचटीएस लोकतांत्रिक व्यवस्था के मार्ग पर आगे बढ़ेगा, यह संदेहास्पद ही है।

## जीवन मंत्र

श्री श्री रविशंकर

# अनासक्त होकर देखें

कृष्ण अर्जुन से कहते हैं, 'सुंदरता में सौंदर्य हूं, सशक्त में शक्ति हूं और ज्ञानी में ज्ञान हूं।' इस प्रकार वह मन को अपने से दूर भटकने से रोकते हैं। आसक्ति व्यग्रता जनती है। मत भूलो, व्यग्रता मन की शांति को हर लेती है।

'कृष्ण' का मतलब क्या है? जो सबसे अधिक आकर्षक है। वह शक्ति, जो सब कुछ अपनी ओर खींचती है। कृष्ण वह निराकार केंद्र है, जो सर्वव्यापी है। कोई भी आकर्षण, कहीं से भी हो, कृष्ण से ही है। प्रायः व्यक्ति आकर्षण के मूल सत्य को नहीं देख पाता और बाहरी आवरण में उलझा रहता है। और जब वह बाहरी आवरण को प्राप्त करने की चेष्टा करता है, तो कृष्ण उसे चकमा दे देते हैं और उसके हाथों में रह जाता है खोखला आवरण और आंखों में आंसू! इसलिए राधा की तरह चतुर बनो। कृष्ण राधा से दूर हो ही नहीं सके, क्योंकि राधा की पूरी सृष्टि ही कृष्णमय थी। अगर तुम हरेक आकर्षण में कृष्ण को देख सको, तब तुम राधा ही हो, अपने आप में केंद्रित हो। मानव मन सौंदर्य, आनंद व सत्य की ओर बढ़ता है। कृष्ण अर्जुन से कहते हैं, 'सुंदरता में सौंदर्य हूं, सशक्त में शक्ति हूं और ज्ञानी में ज्ञान हूं।' इस प्रकार वह मन को अपने से दूर भटकने से रोकते हैं। आसक्ति व्यग्रता जनती है। मत भूलो, व्यग्रता मन की शांति को हर लेती है। और मन की शांति के बिना तुम बिखर जाते हो, टूट जाते हो और दुखी होते हो। दुर्भाग्यवश, अधिकांश लोग इसको समझने में देर कर देते हैं।



इससे पहले कि तुम पूरे बिखर जाओ, अपने आप को संभालो और अपनी व्यग्रता को समर्पण और साधना द्वारा दूर करो। जब कोई आसक्ति के सागर में डूब रहा हो, तो शरणागति उसके लिए 'लाइफ जैकेट' है। आसक्तियों से संघर्ष किए बिना अपनी सांस पर ध्यान दो और अपने आंतरिक मौन की शीतलता में जाओ। विश्राम करो। इस दिशा में तुम्हारा पहला कदम है, अपनी आसक्ति को ज्ञान की ओर, ईश्वर की ओर मोड़ देना।

सांसारिकता के प्रति तुम्हारी अनासक्ति ही तुम्हारा आकर्षण है और दिव्यता के प्रति तुम्हारी आसक्ति ही तुम्हारा सौंदर्य है। याद रखो, सुख के बारे में सोचते रहने से लालसा उत्पन्न होती है, परंतु संभव है कि वास्तविक अनुभूति स्मृति की तरह सुखद न हो। चाहे तुम सांसारिक विचार को प्रोत्साहन दो या दैवी विचार को, दोनों तुम्हें सुख देते हैं। सांसारिक विचार तुम्हें आसक्ति की ओर ले जाते हैं; ये सुख से निराशा और ग्लानि की ओर ले जाते हैं। फिर दैवी विचार तुम्हें सुख से ऊपर ले जाते हैं- आनंद, प्रज्ञा और उन्नति की ओर। प्रश्न है, दैवी विचार क्या है? यानी 'मैं शरीर नहीं हूं, मैं आनंद हूं, सच्चिदानंद; मैं अनंत शून्य हूं, मैं प्रेम हूं, मैं शांति हूं, मैं प्रकाश हूं।' लोग पूछते हैं कि सांसारिक विचार क्या है? अर्थात् 'धन, काम, आहार, अधिकार व आत्म-प्रतिष्ठा के विचार। भौतिकता के सुनहरे नकाब से सत्य छिपा है। इस झिलमिलाते आवरण को भेदकर जानो कि तुम स्वयं सूर्य हो।

## जीवन ऊर्जा

राजेश खन्ना : जन्म 29 दिसंबर 1942

जन्म

राजेश खन्ना हिंदी फिल्म अभिनेता, निर्माता और एक राजनेता थे, उनका जन्म 29 दिसंबर 1942 में हुआ था। उन्हें 'हिंदी सिनेमा का पहला सुपरस्टार' कहा जाता है। उन्होंने 1969 और 1971 के बीच रिकॉर्ड 15 सोलो हीरो सफल फिल्मों में लगातार अभिनय किया। 1970 और 1980 के दशक में वे हिंदी सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेता थे। फिल्मों में बेहतरीन कार्य के लिए उन्हें चार बीएफजेए पुरस्कार और पांच फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ और 2013 में मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

# किसी-किसी दुख के पीछे, एक बड़ा सुख छुपा होता है



जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं। लोग जिंदगी का सबसे छोटा, सबसे कीमती लब्ज़ भूल गए हैं, प्यार। जिसमें इंसान की भलाई हो वो काम कभी बुरा नहीं होता। इस दुनिया में जब तक भलाई रुपए और पैसे से न तौली जाए, वो भलाई नहीं कहलाती। मौत तो एक पल है। जिसका दिल गम की तन्हाइयों में उजाड़ गया हो, वो बाहर से कितना ही सेहतमंद लगता हो, लेकिन अंदर से तो बीमार ही रहता है। खुश रहना कितना सरल है, लेकिन सरल होना इतना कठिन है। कब, कौन, कैसे उठेगा, ये कोई नहीं बता सकता है। हम आने वाले गम को खींच तान कर आज की खुशी पर ले आते हैं, और उस खुशी में जहर घोल देते हैं। किसी बड़ी खुशी के इंतजार में, हम छोटी-छोटी खुशियों के मौके खो देते हैं। अक्ल से सिर्फ नक्शे बन सकते हैं, इमारतें नहीं। एक छोटा सा ज़ख़्म बहुत गहरा दाग बन सकता है। आदमी जितना शरीफ होता है, उतना ही शैतान भी बन सकता है। बारिश की बूंदों से डरने वाले तूफान का मुकाबला नहीं कर सकते। मैं मरने से पहले मरना नहीं चाहता। जिंदगी का कोई भी रास्ता एक दम सीधा तो नहीं होता है, कहीं ना कहीं मोड़ तो जरूर आता है।

इस दुनिया में दो टांग वाला जानवर सबसे खतरनाक जानवर है। इंसान बदल जाते हैं, इंसानों के नाम नहीं बदलते। जियो तो सबके लिए, मरो तो सबके लिए। बड़ा आदमी, तो वो होता है जो दूसरों को छोटा नहीं समझता। अगर भूलने से रिश्ते नाते टूट सकते हैं, तो इस दुनिया में ना प्यार होता, न नफ़रत होती और न दर्द होता। किसी-किसी दुख के पीछे, एक बड़ा सुख छुपा होता है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# अपने जीवन का वास्तविक मित्र कौन

एक व्यक्ति के तीन मित्र थे। पहला मित्र ऐसा था जो हर पल उसके साथ रहता था। कभी भी उससे अलग नहीं होता। दूसरा मित्र सुबह शाम उससे मिलता। तीसरा मित्र बहुत दिनों में कभी-कभी आता। एक दिन उस व्यक्ति को किसी कारण वश अदालत जाना पड़ा। उसे एक गवाह की आवश्यकता थी। वह सबसे पहले उस मित्र के पास गया, जो हमेशा उसके साथ रहता था। उसने कहा कि मित्र क्या तुम मेरे साथ अदालत में गवाह बनकर चल सकते हो। मेरी मदद कर सकते हो। मित्र ने जवाब दिया। माफ करना दोस्त आज मुझे समय नहीं है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह सुनकर व्यक्ति ने सोचा कि यह मित्र तो हमेशा मेरे साथ रहता था, लेकिन मुसीबत में इसने साथ छोड़ दिया। अब दूसरे मित्र से क्या आशा करूं। फिर वह हिम्मत जुटाकर दूसरे मित्र के पास गया। उसने अपनी समस्या बताई। दूसरे मित्र ने कहा मैं एक शर्त पर तुम्हारे साथ चल सकता हूं। मैं सिर्फ अदालत के दरवाजे तक जाऊंगा, अंदर नहीं। व्यक्ति निराश हो गया, क्योंकि उसे अदालत के अंदर गवाह की आवश्यकता थी।



अंततः वह थक हारकर तीसरे मित्र के पास गया। उसने अपनी समस्या बताई। तीसरा मित्र तुरंत तैयार हो गया और उसके साथ अदालत चल पड़ा। तीनों मित्र कौन हैं यह कहानी प्रतीकात्मक है। हर व्यक्ति के जीवन में भी तीन ऐसे ही मित्र होते हैं।

**पहला मित्र शरीर**

हमारा शरीर हर पल हमारे साथ रहता है, लेकिन जब आत्मा शरीर को छोड़कर धर्मराज की अदालत में जाती है तब शरीर एक कदम भी साथ नहीं देता।

**दूसरा मित्र संबंधी**

हमारे माता-पिता भाई बहन रिश्तेदार सुबह-शाम हमारे साथ रहते हैं, लेकिन मृत्यु के बाद वे हमें श्मशान घाट तक छोड़ आते हैं और वहां से लौट जाते हैं।

**तीसरा मित्र कर्म**

हमारे अच्छे या बुरे कर्म ही हमारे सच्चे साथी होते हैं ये सदा हमारे साथ रहते हैं, चाहे किसी भी स्थिति में क्यों न हों?

**कथा का सार**

यह कहानी हमें सिखाती है कि हमें अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए शरीर साथ दे या ना दे, संबंधी साथ दे या ना दें लेकिन यदि अच्छे कर्म करेंगे तो जीवन और मृत्यु के बाद भी हमें किसी डर का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## सक्सेस मंत्र

# नकारात्मकता के माहौल को साइड कर आगे बढ़ें



घटना उस वक्त की है जब भयंकर गर्मी थी। एक गांव की कच्ची सड़क से एक पिता अपने बेटे व घोड़े के साथ गुजर रहा था। बेटे की उम्र करीब 17 साल थी और पिता की 42 साल। पिता ने अपने बेटे को घोड़े पर बैठा रखा था। पिता घोड़े की लगाम पकड़कर पैदल चल रहे थे। दोनों हंसी मजाक करते हुए अच्छे मूड के साथ अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी रास्ते में एक युवक ने कहा- कैसा नालायक लड़का है, पिता पैदल चल रहा है, खुद घोड़े पर बैठकर मजा ले रहा है। बेटा स्वाभिमानी था। उसने शर्म महसूस की। वह फौरन उतरा और उसने अपने पिता को घोड़े पर बैठा दिया। अब पिता घोड़े पर और वह पैदल। वह आधा किलोमीटर दूर आगे चले ही थे कि कुछ लोगों ने फब्तियां कसते हुए कहा कि कैसा पिता है, लड़का पैदल चल रहा है, खुद घोड़े पर बैठकर आनंद ले रहा है।

अब पिता से रहा नहीं गया और वह भी घोड़े से उतर गया। दोनों घोड़े को लेकर पैदल चलने लगे। थोड़ी आगे जाकर कुछ लोगों ने समूह ने उनका मजाक उड़ाया। कहा कि घोडा रहते हुए भी पैदल जा रहे हैं... मूर्ख कहीं के।

दोनों उलझन में पड़ गए। उसके बाद दोनों घोड़े पर चढ़कर आगे की दूरी तय करने लगे।

आगे फिर कुछ लोग टकरा गए। उन्होंने कहा कि दोनों पिता-पुत्र पागल हो गए हैं। घोड़े की जान लेकर ही मानेंगे। दोनों फौरन घोड़े से उतर आए और पेड़ के नीचे बैठ गए। दोनों सोचने लगे कि दुनिया हमें किसी भी हाल में जीने नहीं देगी। पिता ने पुत्र से कहा - देखो बेटा... जब तुम अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे होंगे तब समाज के बहुत से लोग तुम्हारी टांग खीचेंगे। लेकिन तुम डटे रहना।

बॉलीवुड का गाना, ₹कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना ...शायद इस बात की ओर इशारा करता है।

## शख्सियत — रितु रानी

# राष्ट्रीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान



रितु रानी एक भारतीय पूर्व फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने भारत की महिला राष्ट्रीय फील्ड हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह राष्ट्रीय टीम की कप्तान भी रहीं। वह हाफबैक के रूप में खेलती है। रानी ने 2014 एशियाई खेलों में कांस्य पदक सहित पदक जीतने वाली टीम का नेतृत्व किया। साथ ही उनकी कप्तानी में टीम ने 2014-15 महिला एफआईएच हॉकी विश्व लीग सेमीफाइनल में पांचवें स्थान पर रहने के बाद 36 साल बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। 2016 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था।

रितु रानी का जन्म 29 दिसंबर 1991 को हरियाणा में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा हरियाणा के शाहाबाद मारकंडा में श्री गुरु नानक देव सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल से की। उन्होंने 9 साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया और शाहबाद मारकंडा में शाहबाद हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण लिया। रानी 2014 तक भारतीय रेलवे में कार्यरत थीं, लेकिन बाद में उन्होंने हरियाणा पुलिस में शामिल होने के लिए नौकरी छोड़ दी। रानी ने शाहबाद में शाहबाद हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण लिया।

2015 की गर्मियों के दौरान जब भारत ने 2014-15 महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड लीग के राउंड 2 की मेजबानी की, रानी ने टीम को अगले चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए शीर्ष पर पहुंचाया। उन्होंने एंटवर्प में आयोजित विश्व लीग सेमीफाइनल में भी टीम का नेतृत्व किया और टीम वर्गीकरण मैच में उच्च रैंकिंग वाली जापान को हराकर पांचवें स्थान पर रही। इस प्रकार भारतीय महिला राष्ट्रीय फील्ड हॉकी टीम ने उनकी कप्तानी में 1980 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के बाद पहली बार 2016 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में सलमान खान लिंक

## क्राइम ब्रांच की जांच में एसआरए का कोई लिंक नहीं

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में क्राइम ब्रांच ने चार्जशीट तैयार कर ली है और अब दायर करने को तैयार है। बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के ढाई महीने बाद पुलिस इस नतीजे पर पहुंची है कि गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने बाबा सिद्दीकी की हत्या करवाई। हत्या के पीछे कारण अभिनेता सलमान खान से उनकी निकटता है। साथ ही क्राइम ब्रांच ने बांद्रा ईस्ट में एसआरए परियोजनाओं को लेकर विवाद को कारण हत्या किए जाने से इनकार किया है। बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने आशंका जाहिर की थी कि उनके पिता एसआरए परियोजना के खिलाफ थे। उनकी हत्या के पीछे एक कारण यह हो सकता है। क्राइम ब्रांच की जांच में इसका कोई लिंक नहीं मिला। अब पुलिस अगले हफ्ते 26 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर सकती है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही शहर की क्राइम ब्रांच टीम आरोपपत्र दायर करने के लिए तैयार है। एक पुलिस अफसर ने कहा कि बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान के आरोप के मुताबिक एसआरए विवाद से मामले को जोड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस अफसर ने कहा, 'हालांकि हमने कुछ डेवलपर्स के बयान दर्ज किए, लेकिन कुछ भी सामने नहीं आया।' अधिकारी ने कहा, 'हम संदिग्धों में से एक शुभम लोनकर उर्फ शुब्बू के गोलीबारी के दो दिन बाद सोशल मीडिया पर अपलोड की गई पोस्ट पर भरोसा कर रहे हैं।' लोनकर घटना के बाद से फरार है। उसने दावा किया था कि हत्या के पीछे बिश्नोई गिरोह का हाथ है। अनमोल बिश्नोई कनाडा में छिपा हुआ है और पुलिस उसे भारत लाने की कोशिश कर रही है।

# संतोष देशमुख की हत्या के विरोध में प्रदर्शन, धनंजय मुंडे को बर्खास्त करने की मांग

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के बीड शहर में मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के विरोध में शनिवार को जनसैलाब उमडा। लाखों लोग एकत्र हुए और मार्च निकाला। इस दौरान सत्तारूढ़ महायुति के कई विधायकों ने भी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मंत्री धनंजय मुंडे को बर्खास्त करने की मांग की। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे, कोल्हापुर राजपरिवार के छत्रपति संभाजी, भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुरेश धास और अभिमन्यु पवार, एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड तथा संदीप क्षीरसागर ने विरोध मार्च में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने बीड जिले से ताल्लुक रखने वाले धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड की गिरफ्तारी की मांग की। संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण किया गया था और इसके बाद यातना देकर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्य विधानमंडल में दावा किया कि वाल्मीक कराड हत्याकांड का मास्टरमाइंड है। मृतक सरपंच संतोष की बेटी वैभवी देशमुख ने विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने पिता के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि दलित समुदाय के एक व्यक्ति को बचाने के लिए उन्होंने अपनी जान गंवा दी। लातूर जिले के औसा से विधायक बनने से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सहयोगी रहे अभिमन्यु पवार ने कहा कि देशमुख की हत्या से उत्पन्न पीड़ा महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में महसूस की गई है।





### महायुति के नेता भी हुए शामिल

अभिमन्यु पवार ने कहा कि 'भले ही मैं सत्तारूढ़ दल का हिस्सा हूं, मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि अगर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो विरोध प्रदर्शन राज्य के अन्य हिस्सों तक पहुंच जाएगा। हम संतोष देशमुख के परिवार के लिए न्याय चाहते हैं।' भाजपा विधायक सुरेश धास ने आरोप लगाया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने फर्जी वोटों की मदद से बीड जिले के परली से विधानसभा चुनाव जीता।

### पंकजा मुंडे से भी मांगा इस्तीफा

आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे ने कहा कि मराठा समुदाय तब तक चुप नहीं बैठेगा जब तक मराठा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मृतक को न्याय नहीं मिल जाता। शिवसेना (यूबीटी) ने धनंजय मुंडे और उनकी चचेरी बहन मंत्री पंकजा मुंडे के इस्तीफे की मांग की।

### धनंजय मुंडे को बर्खास्त करने की मांग

एनसीपी विधायक प्रकाश सोलंके ने कहा कि हत्या के 19 दिन बाद भी कुछ आरोपी फरार हैं और वाल्मीक कराड को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। सोलंके ने कहा कि 'धनंजय मुंडे पिछले 5 वर्षों में से 4 वर्षों तक बीड के संरक्षक मंत्री रहे हैं। मुंडे को बर्खास्त करने की जरूरत है। जब तक आरोपियों को दोषी नहीं ठहराया जाता, तब तक के लिए मुंडे को बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।'

# प्रकाश आंबेडकर ने की CM देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात

## परभणी हिंसा पर चर्चा हुई और मांगें रखी गईं

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



वंचित बहुजन अघाडी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने सागर बंगले में राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। बताया गया है कि प्रकाश आंबेडकर ने परभणी हिंसा मामले और पुलिस हिरासत में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी से जुड़े मामले पर चर्चा की। सुबह जब प्रकाश आंबेडकर सागर बंगले पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मिलने पहुंचे तो चर्चाएं छिड़ गईं। प्रकाश आंबेडकर ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से करीब एक घंटे तक चर्चा की। परभणी के मुद्दे पर प्रकाश आंबेडकर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। परभणी के मुद्दे पर प्रकाश आंबेडकर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कुछ अहम मांगें रखीं। बैठक के बाद प्रकाश आंबेडकर ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात की जानकारी दी।

# तीसरी बेटी होने से नाराज हुआ पति, पेट्रोल डालकर पत्नी को जिंदा जलाया

परभणी। परभणी में एक पति ने अपनी पत्नी को आग लगा दी। गंगाखेड़ नाका इलाके में पति ने पत्नी को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। आरोपी का गुस्सा इस बात पर था कि उसकी पत्नी ने तीसरी बार भी बेटी को जन्म दिया था। वारदात 26 दिसंबर की रात की है। पति की हैवानियत पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।

मृतका की पहचान 34 वर्षीय मैना काले के रूप में हुई है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, मैना की बहन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मैना की बहन ने बताया कि आरोपी पति, कुंडलिक उत्तम काले अक्सर अपनी पत्नी को ताने मारता था और गाली-गलौज करता था। क्योंकि उनके घर में तीन बेटियां थीं। इस वजह से दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे।



### पड़ोसियों ने की बचाने की कोशिश

26 दिसंबर की रात पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो रहा था। उसी वक्त पति आपे से बाहर हो गया और कुंडलिक ने अपनी पत्नी के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगते ही मैना चीखते हुए इधर-उधर भागने लगी। पड़ोसियों ने मैना को बचाने की कोशिश की लेकिन पेट्रोल के कारण आग तेजी से फैल गई थी और बुझाना मुश्किल हो गया था। आग बुझने के बाद मैना गंभीर रूप से झुलस गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद पुलिस ने पीड़िता की बहन की शिकायत पर आरोपी कुंडलिक काले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में गहन पूछताछ कर रही है लेकिन जांच पूरी होने तक अधिकारी कोई भी बयान देने को तैयार नहीं हैं।

घटना के बाद इलाके में गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर आक्रोशित हैं और उनका मानना है कि यह समाज की उस मानसिकता को दर्शाता है, जिसमें बेटियों के जन्म को लेकर नकारात्मक सोच बनी हुई है।

# प्रमुख मध्य रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफ़ॉर्म टिकट बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



वर्ष के अंत में भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए, मध्य रेलवे ने चुनिंदा प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफ़ॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम का उद्देश्य प्लेटफ़ॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित करना और स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करना है। प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर प्रतिबंध 29.12.2024 के 12.00 बजे से 02.01.2025 तक प्रभावी रहेगा।

### इन 14 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री प्रतिबंधित है:

- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस
- दादर
- लोकमान्य तिलक टर्मिनस
- ठाणे
- कल्याण
- पनवेल
- पुणे
- नागपुर
- नासिक रोड
- भुसावल
- अकोला
- सोलापुर
- कलबुर्गी और
- लातूर

### छूट

बुजुर्ग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक, बीमार व्यक्ति, बच्चे, अशिक्षित व्यक्ति और खुद की देखभाल करने में असमर्थ महिला यात्रियों को यात्रा में आसानी सुनिश्चित करने के लिए इन प्रतिबंधों से छूट दी गई है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे तदनुसार योजना बनाएं और वर्ष के अंत की अवधि के दौरान एक सहज और सुरक्षित यात्रा अनुभव के लिए नए नियमों का पालन करें।

# यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थापना में MRVC के प्रयास

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



यात्रियों के यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से, मुबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन (MRVC) ने उपनगरीय रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थापना में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 2023 तक, MRVC ने मुंबई के विभिन्न उपनगरीय रेलवे स्टेशनों पर 15 लिफ्ट और 16 एस्केलेटर सफलतापूर्वक स्थापित किए थे। केवल 2024 में ही, निगम ने 4 नई निफ्ट और 9 एस्केलेटर स्थापित किए हैं, और यात्रियों के लिए सुरक्षित और अधिक सुलभ यात्रा सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को जारी रखा है। आने वाले कुछ वर्षों में, MRVC के पास 2027 तक 119 और लिफ्ट्स और 183 और एस्केलेटर स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (MMR) के उपनगरीय स्टेशनों पर कुल 138 लिफ्ट्स और 208 एस्केलेटर होंगे। यह पहल विशेष रूप से वृदध यात्रियों, महिलाओं और विकलांग व्यक्तिर्यो के लिए अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। इस से न केवल पीक घंटों के दौरान यात्रियों की आवाजाही में सुधार होगा, बल्कि यह कुल मिलाकर यात्रा अनुभव को भी बेहतर बनाएगा, जिससे स्टेशनों के भीतर सुरक्षित, और आरामदायक आवागमन सुनिश्चित होगा। MRVC के योगदान को अलावा, मध्य रेल (CR) और पश्चिम रेलवे (WR) ने भी विभिन्न उपनगरीय स्टेशनों पर इसी प्रकार की परियोजनाएं शुरू की हैं। वे भी आने वाले वर्षों में अपने लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबदध हैं, जिनमें वे स्टेशन शामिल होंगे जो MRVC की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। MRVC के CMD, सुभाष चंद गुप्ता ने कहा, MRVC में हमारा ध्यान मुंबई के सम्मानित यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को बदलने पर है। ये पहलकदमी न केवल अधिक सुलभता का वादा करती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि हम

# टैक्स नहीं भरने वालों के घर के बाहर बज रहा बैंड-बाजा

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

महानगर पालिका का आय का मुख्य स्रोत प्रॉपर्टी टैक्स होता है। उल्हासनगर में बकाया टैक्स वसूली के लिए पिछले लंबे अर्से से मनपा प्रशासन का संबंधित महकमा सक्रिय है। इनमें ऐसे भी बकायादार है जिन्हें बार-बार नोटिस और चेतावनी दी गई है। इसके बावजूद वह टैक्स नहीं भर रहे है। इस तरह के बकायादारों से वसूली करने के लिए मनपा ने अब बेहद खास तरीका अपनाया है। उल्हासनगर मनपा ने बकायादारों को आगाह करने के लिए ढोल-ताशे का उपयोग करना शुरू कर दिया है। ढोल-ताशे की आवाज के जरिए उनके बकाया कर की याद दिलाई जा रही है। अपने आप में इस अनूठे तरीके की वसूली अभियान से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। मनपा द्वारा बकायादारों के घरों के सामने ढोल-ताशे बजाकर उन्हें बकाया गृहकर भरने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह अभियान आयुक्त एवं प्रशासक विकास ढाकणे के आदेश और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। मनपा की कर निर्धारक एवं संकलक नीलम कदम, उप कर निर्धारक सचिन वानखेड़े, मनोज गोकलानी, कर निरीक्षक और अन्य कर्मचारी इस अभियान में जुटे हैं। मनपा की कर निर्धारक एवं संकलक नीलम कदम का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य जनजागृति फैलाना और कर वसूली प्रक्रिया को तेज करना है। किसी की भावना को आहत करने का कोई इरादा नहीं है। नीलम कदम ने उल्हासगनर मनपा क्षेत्र के गृहकर बकायादारों से अपील की है वह अपने टैक्स को भरकर शहर के विकास कार्यों में योगदान दे।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृष:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन:** कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा।

**कर्क:** तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा।

**कन्या:** धन प्राप्ति सुगम होगी। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है।

**तुला:** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृश्चिक:** रोमांस में सफलता मिलेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है।

**धनु:** आज विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर:** मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**मीन:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

# जन्मकुंडली में वक्री गुरु का प्रभाव

भाग-2





प्रियंका जैन
9769994439

### चतुर्थ भाव:

चौथे भाव में बैठा वक्री बृहस्पति व्यक्ति को घमंडी बना देता है। व्यक्ति अपने परिवार और समाज के प्रति उदार नहीं रहता। दूसरों के बारे पूर्वाग्रह रखकर चलता है और मन ही मन कई लोगों से दुश्मनी पाल बैठता है। जातक यदि अपना व्यवहार बदल लें तो फिर जीवन में कुछ भी पाना असंभव नहीं। धन, सम्मान, यश, कीर्ति हासिल कर सकते हैं।

### पंचम भाव:

बृहस्पति वक्री होकर पंचम स्थान में बैठा है तो व्यक्ति को अपने बच्चों के प्रति अधिक लगाव होता है। पंचम वक्री गुरु संतानसुख में भी बाधक होता है। यदि पंचम स्थान में बृहस्पति कुंभ या कर्क राशि में हो तो व्यक्ति को संतान नहीं होती। मीन में हो तो कम संतति होती है। धनु में हो तो बहुत कष्टों के बाद संतान होती है। हालांकि पंचमस्थ वक्री गुरु वाला व्यक्ति अपने वर्ग का मुखिया, धनी व सरकारी क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्ति होता है।

### षष्ठम भाव:

छठे स्थान में वक्री गुरु है तो व्यक्ति बलवाल, शक्तिशाली और शत्रुओं को परास्त करने वाला होता है। व्यवसाय की अपेक्षा नौकरी में अधिक लाभ होता है। ऐसे लोग स्वास्थ्य विभाग में उच्च पदों तक पहुंचते हैं। छठे वक्री गुरु वाले लोग स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होते हैं। ऐसे लोग ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, लिवर संबंधी रोगों से पीडित होते हैं।

### सप्तम भाव:

सप्तमस्थ वक्री वाले जातकों का विवाह के बाद भाग्योदय होता है। जीवनसाथी उच्चकुल, धनवान, परोपकारी और सुख देने वाला मिलता है। मेष, सिंह, मिथुन या धनु राशि में गुरु हो तो उच्च शिक्षा, कुंभ का गुरु हो तो पुत्र संतान की चिंता रहती है। वृषभ, कन्या, कर्क, वृश्चिक या मीन राशि का गुरु हो तो व्यक्ति अत्यंत महत्वाकांक्षी होता हे। तुला या मकर का गुरु हो तो दो पत्नी या अन्य स्त्री से संबंध का सूचक है।

### अष्टम भाव:

आठवें घर में वक्री गुरु हो तो व्यक्ति तंत्र-मंत्र, काले जादू की दुनिया का बादशाह बनता है। ऐसे व्यक्ति को दुर्घटना में मृत्यु का भय रहता है। अष्टम वक्री गुरु शुभ ग्रहों के साथ बैठा हो तो व्यक्ति को पैतृक धन प्राप्त होता है। ऐसा व्यक्ति बड़ा ज्योतिषी, मंत्र शास्त्री, विद्वान व धनवान बनता है।

### नवम भाव:

वक्री बृहस्पति नवम स्थान में हो तो व्यक्ति चार मंजिला भवन या चार भवनों का स्वामी होता है। राजा तथा सरकार के उच्चाधिकारियों से घनिष्ठता होती है। ऐसे व्यक्ति धर्मभीरू भी देखे गए हैं। अपनी मनपसंद बात न हो तो ऐसे व्यक्ति जल्दी क्रोधित हो जाते हैं और अपनी मन की करने के लिए कुछ भी कर जाते हैं।

### दशम भाव:

दशम वक्री गुरु वाले व्यक्ति की प्रतिष्ठा अपने पिता, दादा से ज्यादा होती है। ऐसा व्यक्ति धनी और राजा का प्रिय होता है। दूसरी ओर दशम भाव में वक्री गुरु वाले जातक की विभिन्न विरोधी गतिविधियां इनके विकास में बाधक होती है। गैर जिम्मेदारी पूर्ण हरकतें और कमजोर निर्णय क्षमता के कारण ये कई मौके गंवा बैठते हैं।

### एकादश भाव:

11वें भाव में वक्री गुरु हो तो व्यक्ति लगातार आगे बढ़ने का प्रयास करता है, लेकिन अपने से निम्न वर्ग के लोगों से मित्रता के कारण इनका जीवनस्तर सामान्य ही बना रहता है। ऐसे व्यक्तियों की सोच भी छोटी होती है। शराबी, व्यसनी लोगों से दोस्ती के कारण ये धन भी बर्बाद करते हैं।

**खबर संक्षेप**

### नोटिस मिलने के बाद बदला गुरु रहमान का सुर

**पटना।** पटना पुलिस ने शिक्षक गुरु रहमान को नोटिस भेजा था। उन्हें थाने में आकर पेपर लीक संबंधित सबूत पेश करने को कहा गया था। इसके बाद वो गर्दनीबाग थाने में पहुंचे थे। यहां पूछताछ दौरान उन्होंने कहा कि मैं पेपर लीक का आरोप नहीं लगा रहा हूं और न यह कह रहा हूं कि परीक्षा में धांधली हुई है। मामला बीपीएससी परीक्षा पेपर लीक से जुड़ा है। गुरु रहमान को आज गर्दनीबाग थाना में बुलाया गया था और कहा गया था कि अगर उनके पास पेपर लीक होने के कोई सबूत हैं, तो उन्हें वह सबूत लेकर आना होगा। अगर वे नहीं आते हैं या उनके पास कोई सबूत नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि वे सरकार और बिहार लोक सेवा आयोग की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि गुरु रहमान नहीं आते या उनके पास कोई सबूत नहीं होता, तो उनके खिलाफ बिहार में राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है।

26 दिसंबर को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग में धरने पर बैठे थे। इसी बीच, छात्रों के प्रदर्शन में साथ देने चर्चित शिक्षक गुरु रहमान भी पहुंचे। गुरु रहमान ने प्रदर्शनकारी छात्रों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा था कि पुनर्परीक्षा के अलावा कोई दूसरी मांग नहीं है। अब सब छात्र और शिक्षक एक हो गए हैं। उन्होंने पुलिस लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा था कि पुलिस ने जिस तरीके से लड़कियों को पीटा है, वह गलत है और उसकी जांच होनी चाहिए।

### MMCH अस्पताल का हाल देखकर भड़के मंत्री राधाकृष्ण किशोर

**पलामू।** हेमंत सोरेन कैबिनेट के सभी मंत्री इन दिनों एक्शन मोड में दिखाई पड़ रहे हैं। वे हर दिन सरकारी संस्थानों का दौरा कर वहां की समस्याओं से रू-ब-रू हो रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच गये। इस दौरान कई चिकित्सक ड्यूटी से नदारद मिले। जिस पर वे नाराजगी व्यक्त की और कार्य प्रणाली में सुधार की हिदायत दी। इसके बाद अस्पताल परिसर में बिखरी गंदगी देखकर मंत्री वे भड़क उठे। उन्होंने कहा कि अस्पताल की दुर्दशा काफी चिंताजनक है। स्वस्थ लोग भी यहां रहकर बीमार हो जाएंगे।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इस दौरान कई मरीजों से मिलकर बातचीत की और उन्हें मिल रहे सुविधाओं का जायजा लिया।

आकांक्षा हत्याकांड का खुलासा

# प्रेमी ने दोस्त के साथ मिल की थी हत्या

### शव को लगाया ठिकाने, करना चाहता था शादी

एजेंसी | भोजपुर

भोजपुर में हुए सनसनीखेज आकांक्षा हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। उत्तराखंड के काशीपुर की रहने वाली अंजली उर्फ आकांक्षा की हत्या उसके प्रेमी मोहित सैनी और उसके दोस्त ने मिलकर की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**तीन साल पुराने रिश्ते का अंत हत्या से**




आकांक्षा और मोहित के बीच तीन साल से प्रेम संबंध थे। दोनों ने प्रेम विवाह किया था और उधमसिंहनगर के न्यू केशवपुरम कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। हालांकि, मोहित के परिवार वाले उसकी शादी किसी अन्य लड़की से करना चाहते थे, जिसके दबाव में वह आकांक्षा से छुटकारा पाना चाहता था।

**सोशल मीडिया पर मिली हत्या की जानकारी**

बृहस्पतिवार को आकांक्षा की छोटी बहन अनीता ने सोशल मीडिया पर एक महिला के शव की तस्वीर देखी, जिसमें आकांक्षा का नाम लिखा हुआ था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया और शव की पहचान की। शव भोजपुर थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव के पास मुरादाबाद-काशीपुर मार्ग पर मिला।

**हत्या की साजिश और सच का खुलासा**

आरोपियों ने बताया कि उन्होंने आकांक्षा को बाइक पर ले जाकर गला रेतकर उसकी हत्या की और शव को हाईवे के किनारे फेंक दिया। मोहित ने अनीता को झूठी जानकारी दी कि आकांक्षा लापता है। लेकिन अनीता ने साहस दिखाते हुए उसकी सच्चाई उजागर की।

**पुलिस ने किया मामला दर्ज**

मोहित और उसके दोस्त ने हत्या की बात कबूल कर ली है। पुलिस ने उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## पति को नाश्ता लाने भेजकर प्रेमी के साथ भागी पत्नी



### रेलवे स्टेशन पर रोते-बिलखते रह गए बच्चे

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के सुलतानगंज रेलवे स्टेशन पर एक महिला ने अपने पति को नाश्ता लाने के लिए भेजा और अपने तीन बच्चों को छोड़कर वह अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पति अपनी पत्नी की मंशा से अंजान था। जब महिला का पति नाश्ता लेकर वापस आया, तो बच्चों को वहां रोते-बिलखते देख परेशान हो गया। बच्चे ने उसे बताया उसकी मम्मी भाग गयी है। जिसके बाद पति पूरे स्टेशन परिसर में उसे खोजने की कोशिश करता रहा,लेकिन उसे उसकी पत्नी कहीं नहीं मिली। इस घटना के बाद फरार महिला का पति तीनों बच्चों को लेकर थाना पहुंचा और पत्नी की बरामदगी की गुहार उसने पुलिस से लगायी है। पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि 12 वर्ष पूर्व बाथ थाना क्षेत्र के एक गांव में हिंदू रीति रिवाज से दोनों की शादी हुई थी। उनके तीन बच्चे भी हैं। परिवार चलाने के लिए वह गुजरात में एक निजी कंपनी में काम करने लगा। पत्नी ने भी काम करने की इच्छा जाहिर की थी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर

### दादा समेत दो की मौत, पिता-पुत्र की हालत नाजुक

एजेंसी | बाराबंकी

यूपी के बाराबंकी में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो ने केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि, दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा बड्डूपुर थाना क्षेत्र में लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर हुआ। मूल रूप से बहराइच जिले के हर्दी थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी राम प्रताप तिवारी (80), उनके पुत्र चुनऊ तिवारी (55), नाती आनंद बाजपेई (55) और नाती के दोस्त नीरज बाजपेई (30) के साथ दवा लेने लखनऊ जा रहे थे। हादसे में चारों लोग घायल हो गए।

**केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के लिए कर दिया रेफर**



सागर पब्लिक स्कूल के पास लखनऊ से महमूदाबाद की ओर जा रहे गैस सिलिंडर से लदे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। सूचना पर बड्डूपुर और कुर्सी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल भेजा। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया।

**पुलिस ने यातायात बहाल कराया**

वहां पर इलाज के दौरान राम प्रताप तिवारी और नीरज बाजपेई की मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और ट्रक को हटाकर यातायात बहाल कराया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग दंपति की मौत

### छत्ते में पक्षी के चोंच मारने पर हुई थीं उग्र

एजेंसी | सुलतानपुर

यूपी के सुल्तानपुर में शुक्रवार दोपहर मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका घर पर ही उपचार कराया गया। शनिवार दोनों की मौत हो गई। घटना से घर में रोना बिलखना शुरू हो गया। जानकारी होने पर गांव के लोग जमा हो गए। ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे। मामला गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अकोढ़ी मधई का पूरा गांव का है। गांव निवासी सरजू प्रसाद (70) शुक्रवार दोपहर अपने दरवाजे पर बैठे थे। तभी घर के पास नीम के पेड़ में लगे मधुमक्खियों के छत्ते में किसी पक्षी ने चोंच मार दी।

**साड़ी से पति को बचाने की कोशिश नाकाम**



मक्खियां पक्षी के पीछे दौड़ी पक्षी घर के पास बैठे बुजुर्ग की तरफ भागा। जब तक सरजू प्रसाद कुछ समझते, तब तक मधुमक्खियों ने उनको काटना शुरू कर दिया। उनके चिल्लाने पर पत्नी सोनपता देवी (68) उनको बचाने दौड़ी। वह अपनी पहनी हुई साड़ी से पति को बचाने की कोशिश करने लगी। मधुमक्खियों ने उनको भी काट कर घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोग बुजुर्ग दंपती को बचाने का साहस नहीं कर सके।

# 100 करोड़ के GST हेरा फेरी के मामले में बड़ी कार्रवाई

## अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने दरभंगा से दो सीए को किया गिरफ्तार

एजेंसी | दरभंगा

अरुणाचल प्रदेश की पुलिस ने दरभंगा पुलिस के सहयोग से रैयाम थाना क्षेत्र के वंसारा गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 करोड़ रुपये के GST के हेरा फेरी के मामले में चार्टर्ड अकाउंटेंट विपिन झा और आशुतोष झा को गिरफ्तार किया है। दोनों अरुणाचल प्रदेश में चार्टर्ड अकाउंटेंट का काम किया करते है।



**दोनों को अरुणाचल पुलिस अपने साथ ले जाएगी**

अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने बताया कि दोनों अपने क्लाइंट के जीएसटी रिटर्न फाइल करने में सौ करोड़ रुपये ज्यादा के हेरा फेरी करने का आरोप लगा है। इस मामले अरुणाचल प्रदेश की पुलिस दोनों को टेक्निकल सर्विलांस के सहयोग पर दरभंगा जिला के रैयाम थाना की पुलिस के सहयोग से उसके वंसारा गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपी को अरुणाचल पुलिस अपने साथ ले जाने की कानूनी प्रक्रिया करने में लगी है।

**क्या बोली अरुणाचल प्रदेश पुलिस**

अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने दोनों आरोपियों का पता तकनीकी निगरानी के माध्यम से लगाया। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश पुलिस और दरभंगा पुलिस ने वंसारा गांव में छापा मारा, जहां दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अरुणाचल प्रदेश पुलिस अपने साथ ले जाने की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है। दोनों आरोपी चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में काम करते थे और अपने ग्राहकों के जीएसटी रिटर्न में हेर-फेर कर रहे थे।



# एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की चाकू से गोद कर की हत्या

**मधेपुरा।** 60 हजार रुपया लेन-देन को लेकर एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की चाकू गोद कर हत्या कर दी। आरोपी ने दोस्तों के साथ मिलकर दोस्त की हत्या कर दी। साथ हीं शव को ठिकाने लगाने के लिए सदर थाना क्षेत्र के भेलवा-रतनपुरा मुख्य मार्ग के एक झाड़ी में शव फेंक कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है। मालूम हो कि मधेपुरा जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के भेलवा-रतनपुरा मुख्य मार्ग के एक झाड़ी में शुक्रवार की रात एक युवक का शव फेंका हुआ मिला।

सदर थाने की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया था। पुलिस को मिले शव को देखने के प्रतीत हो रहा है कि चाकू गोद कर युवक की हत्या की गई है। मृतक की पहचान गम्हरिया थाना क्षेत्र वार्ड तीन निवासी संजय भगत का 22 वर्षीय बेटा राजदीप कुमार उर्फ बाबू साहब के रूप में हुई।




# इंडिया पोस्ट को मुनाफे में लाने पर सिंधिया और सीतारमण की चर्चा

### इंडिया पोस्ट को लाभदायक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने की योजना

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में इंडिया पोस्ट को मुनाफे में लाने और इसे एक लाभदायक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने पर चर्चा की। इस बैठक का उद्देश्य डाक विभाग को वित्तीय स्थिरता प्रदान करना और इसे डिजिटल लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में अग्रणी बनाना था।



**2029 तक मुनाफे का लक्ष्य**

संचार मंत्री ने बैठक में डाक विभाग की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं पर चर्चा की और इसे 2029 तक लाभ में लाने के लिए रणनीतिक योजनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने जोर दिया कि इंडिया पोस्ट को ग्राहक-अनुकूल और डिजिटली सक्षम बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता है।

**सरकार की प्रतिबद्धता**

बैठक के बाद सिंधिया ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया, \"केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ @IndiaPostOffice की पूंजीगत जरूरतों पर चर्चा हुई। भारत सरकार इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हर विभाग और वर्टिकल निकट भविष्य में इन उद्देश्यों को हासिल करने की दिशा में काम करेगा।

**डिजिटल लॉजिस्टिक्स की ओर कदम**

इंडिया पोस्ट को एक डिजिटल और आधुनिक लॉजिस्टिक कंपनी बनाने के लिए यह बैठक मील का पत्थर साबित हो सकती है। सरकार का लक्ष्य इसे पारंपरिक डाक सेवाओं से आगे बढ़ाकर नई तकनीकों और प्रक्रियाओं के साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है।

### डीजीसीए ने अकासा एयर के दो अधिकारियों को किया निलंबित




**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने अकासा एयर के संचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को पायलट प्रशिक्षण में कथित खामियों के चलते छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई अकासा एयर द्वारा इस्तेमाल किए गए सिमुलेटर के मानक में गड़बड़ी पाए जाने के बाद की गई है। डीजीसीए के अनुसार, 7 अक्टूबर 2024 को किए गए नियामकीय लेखा-परीक्षण में यह पाया गया कि आरएनपी प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किया गया सिमुलेटर उपयुक्त नहीं था। इसके बाद दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, जिनके जवाब को असंतोषजनक पाया गया। डीजीसीए ने निलंबन के आदेश में कहा कि अकासा एयर के दो वरिष्ठ अधिकारी विमानन से संबंधित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं।

# वोडाफोन समूह ने वीआईएल के शेयरों से जुटाए 11,650 करोड़ का कर्ज चुकाया

### गिरवी रखे शेयर हुए जारी, कर्जदाताओं को भुगतान

एजेंसी | नई दिल्ली

निजी क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन समूह ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के शेयरों को गिरवी रखकर जुटाए गए करीब 11,650 करोड़ रुपये (10.9 करोड़ पाउंड) का बकाया भुगतान कर दिया है। यह जानकारी शनिवार को कंपनी ने नियामक फाइलिंग के जरिए शेयर बाजार को दी। ब्रिटेन स्थित वोडाफोन समूह ने कहा कि ऋणदाताओं को बकाया चुकाने के बाद एचएसबीसी कॉरपोरेट ट्रस्टी कंपनी (यूके) लिमिटेड ने 27 दिसंबर, 2024 को गिरवी रखे गए शेयरों को जारी कर दिया। यह शेयर मॉरिशस और भारत स्थित वोडाफोन समूह की संस्थाओं द्वारा जुटाए गए कर्ज के लिए गिरवी रखे गए थे।

**हिस्सेदारी का ब्योरा**




वोडाफोन समूह के पास वर्तमान में वीआईएल में 22.56% हिस्सेदारी है। वहीं, आदित्य बिड़ला समूह के पास 14.76% और भारत सरकार के पास 23.15% हिस्सेदारी है। कंपनी ने वीआईएल में अपनी लगभग पूरी हिस्सेदारी गिरवी रखकर यह कर्ज जुटाया था। बकाया भुगतान के बाद, वोडाफोन समूह के प्रवर्तकों के ऋणदाताओं के लिए सुरक्षा के रूप में काम करने वाले ट्रस्टी ने इन शेयरों को मुक्त कर दिया है। वोडाफोन समूह का यह कदम दूरसंचार क्षेत्र में अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### रिलायंस ने 375 करोड़ में कार्किनोस हेल्थकेयर का किया अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की सहायक कंपनी रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड (आरएसबीवीएल) ने प्रौद्योगिकी आधारित स्वास्थ्य देखभाल प्लेटफॉर्म कार्किनोस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड का 375 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। रिलायंस ने शनिवार को अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि आरएसबीवीएल ने सभी आवश्यक शेयरों का अधिग्रहण कर यह प्रक्रिया पूरी की है। यह कदम स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में रिलायंस की उपस्थिति को मजबूत करने के दृष्टिकोण से अहम है। कार्किनोस हेल्थकेयर को 24 जुलाई, 2020 को भारत में शामिल किया गया था। यह कंपनी ऑन्कोलॉजी (कैंसर) पर केंद्रित है। कंपनी कैंसर का शीघ्र पता लगाने, निदान, और प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित अभिनव समाधान प्रदान करती है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का कुल कारोबार 22 करोड़ रुपये था। दिसंबर 2023 तक कार्किनोस ने 60 अस्पतालों के साथ साझेदारी की है।

कार्किनोस हेल्थकेयर की सेवाएं कैंसर के शीघ्र निदान और प्रभावी उपचार के लिए किफायती समाधान प्रदान करती हैं। इसके बावजूद, कंपनी ने कम लागत पर संचालन करते हुए अच्छा मुनाफा अर्जित किया है।

### ब्लूस्मार्ट अगले महीने मुंबई में शुरू करेगी इलेक्ट्रिक कैब सुविधा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक कैब सुविधा देने वाली कंपनी ब्लूस्मार्ट 1 जनवरी, 2025 से मुंबई में अपनी सेवा शुरू करने जा रही है। इसको लेकर कंपनी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी। इसमें कहा कि 1 जनवरी, 2025 से ब्लूस्मार्ट आपकी यात्रा को विश्वसनीय, सुरक्षित और हमेशा समय पर बनाने के लिए यहां है। इसमें आगे कहा है कि महीनों के समर्पण और कड़ी मेहनत के बाद हम आपके शहर में इस सपने को साकार करने के लिए उत्साहित हैं। 2019 में स्थापित ब्लूस्मार्ट दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक राइड-हेलिंग के साथ-साथ EV चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क है। इसके बेडे में 8,500 से अधिक इलेक्ट्रिक सेडान और प्रीमियम EV शामिल है। इस साल जून में ब्लूस्मार्ट ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक लिमोसिन को पेश कर संयुक्त अरब अमीरात में अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू की थी।



# देश में वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड कोयला उत्पादन

### 1.71% की वृद्धि के साथ 997.826 मिलियन टन उत्पादन

**नई दिल्ली।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपने इतिहास का सर्वाधिक 997.826 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया। यह उत्पादन पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 893.191 मिलियन टन की तुलना में 11.71% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। कोयला मंत्रालय ने इसे परिवर्तनकारी वर्ष बताते हुए कहा कि उत्पादन, स्थिरता और तकनीकी नवाचार के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह उपलब्धि ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।

**2030 तक 1.5 बीटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य**

मंत्रालय ने बताया कि एकीकृत कोयला रसद योजना के तहत 2030 तक 1.5 बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। 15 दिसंबर, 2024 तक कोयला उत्पादन अनंतिम रूप से 988.32 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.66% अधिक है। कुल आपूर्ति: 15 दिसंबर, 2024 तक 963.11 मिलियन टन कोयला आपूर्ति की गई, जो 6.47% की वृद्धि को दर्शाती है। बिजली क्षेत्र: 792.958 मिलियन टन की आपूर्ति के साथ 5.02% की वृद्धि। गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस): 171.236 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति, जिसमें 14.48% की वृद्धि।

## न्यूज़ ब्रीफ




### पुरस्कार के लिए अनदेखी से पैरालिंपिक पदक विजेता कथूनिया खफा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पैरालिंपिक में दो बार के रजत पदक विजेता योगेश कथूनिया ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने लगातार प्रदर्शन के बावजूद प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की। कथूनिया ने पुरस्कार चयन प्रक्रिया में पक्षपात और पारदर्शिता की कमी पर हताशा जाहिर की। कथूनिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह पदक जीते हैं जिनमें दो पैरालिंपिक में दो रजत, विश्व चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य तथा एशियाई खेलों में एक रजत पदक शामिल हैं। उन्होंने शनिवार को कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या मानदंड निर्धारित किए हैं। ऐसा नहीं है कि मैंने फॉर्म नहीं भरा। मैंने सब कुछ किया, लेकिन सबसे ज्यादा कुल अंक प्राप्त करने के बाद भी मुझे इस बार भी नामांकित नहीं किया गया। उन्होंने कहा, अगर आप 2016-2020 को देखें तो तब कोई पक्षपात नहीं होता था।

### इप्सविच को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचा आर्सेनल



**एजेंसी । लंदन**

आर्सेनल शुक्रवार को घरेलू मैदान पर संघर्षरत इप्सविच टाउन को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। लिआंड्रो ट्रॉसार्ड के क्रॉस के बाद काई हैवर्टज़ का 23वें मिनट में किया गया टैप-इन, खेल का निर्णायक बिंदु साबित हुआ, जिसमें आर्सेनल ने शुरू से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा, इप्सविच ने खेल के दौरान केवल तीन शॉट ही लगाए, जिनमें से कोई भी निशाने पर नहीं लगा। हैवर्टज़ ने आर्सेनल की बढ़त को दोगुना करने का मौका गंवा दिया, जबकि गेब्रियल जीसस के एक गोल को ऑफसाइड के कारण रद्द किया गया। अन्य मैचों में ब्राइटन और ब्रेंटफ़ोर्ड का मैच गोल रहित ड्रा रहा। गुरुवार को लिवरपूल ने लीसेस्टर सिटी को घरेलू मैदान पर 3-1 से हराकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली, जबकि फुलहम ने चेल्सी को 2-1 से हराकर स्टैमफोर्ड ब्रिज पर 45 वर्षों में अपनी पहली जीत दर्ज की। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने टोटेनहैम को 1-0 से हराकर अपना शानदार सत्र जारी रखा है, जबकि मैनचेस्टर यूनाइटेड की समस्याएं जारी हैं।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट

### तीसरे दिन का खेल खत्म, भारत का स्कोर- 358/9

### ऑस्ट्रेलिया से 116 रन पीछे

**एजेंसी । मेलबर्न**

मेलबर्न में जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। टीम इंडिया ने इस मैच में जबरदस्त वापसी की है और खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में नौ विकेट गंवाकर 358 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारत अभी भी 116 रन पीछे है। नीतीश रेड्डी ने बेहतरीन शतक जड़ा। वह फिलहाल 105 रन बनाकर नाबाद हैं। उन्होंने अब तक 176 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया है। मोहम्मद सिराज भी दो रन बनाकर नाबाद हैं। आंध्र प्रदेश के 21 साल नितीश रेड्डी ने पहला अर्धशतक लगाकर अल्लू अर्जुन के पुष्पाराज स्टाइल में जश्न मनाया। फिर इस पारी को शतक में तब्दील करके बताया कि वह ‘फायर नहीं वाइल्ड फायर’ हैं। नितीश जब क्रीज पर आए थे तब भारतीय टीम ने 200 के अंदर 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद उन्होंने न सिर्फ भारत को फॉलोऑन से बचाया बल्कि 350 के पार पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया बड़ी बढ़त हासिल करने से वंचित कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 474 रन पर समाप्त हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए शुरुआती तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े। इसके बाद स्टीव स्मिथ ने टेस्ट करियर का 34वां शतक लगाया। कप्तान पैट कमिंस ने 49 रन की पारी खेली। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर 311 रन से आगे खेलना शुरू किया। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों को दूसरे दिन चार विकेट के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को 163 रन जोड़े और चार विकेट गंवाए।

# ‘फायर नहीं वाइल्ड फायर’ निकले नितीश रेड्डी

## ऑस्ट्रेलिया में ठोक डाला शतक, भारत की करवाई वापसी





### भारत ने तीसरे दिन 194 रन जोड़े

भारत ने शनिवार को पांच विकेट पर 164 रन से आगे खेलना शुरू किया और 194 रन जोड़े। इस दौरान भारत ने चार और विकेट गंवाए। शनिवार को ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर आउट हुए। नीतीश ने नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे वॉशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 127 रन की साझेदारी निभाई। सुंदर और नीतीश दोनों ने 150-150 गेंद खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी टीम के आठवें और नौवें नंबर के बल्लेबाज ने 150+ गेंदें खेली हों। दोनों ने संयुक्त रूप से 285 गेंदें खेलीं यानी करीब 48 ओवर बल्लेबाजी की। सुंदर 162 गेंद में एक चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले यशस्वी जायसवाल 82 रन, रोहित शर्मा तीन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन और ऋषभ पंत 28 रन और रवींद्र जडेजा 17 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके।

### नीतीश रेड्डी का पहला अंतरराष्ट्रीय शतक

नीतीश ने 171 गेंद में बोलैंड की गेंद पर चौका लगाकर शतक लगाया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक है। उन्होंने टेस्ट में पहली बार पचास से ज्यादा रन बनाए और उस पारी को शतक में बदल दिया। नीतीश इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर और ऋषभ पंत हैं। नीतीश के लिए यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि उनके पिता मुतयाला रेड्डी दर्शक दीर्घा में मौजूद हैं।

### दोनों टीमें एक-एक बदलाव के साथ उतरीं

इस मैच के लिए दोनों टीमों में एक-एक बदलाव हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड और भारत ने शुभमन गिल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया। कंगारुओं की शुरुआत अच्छी रही थी और 19 साल के डेब्यूटांट सैम कोंस्टास ने उस्मान ख्वाजा के साथ पहले विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी निभाई।

### ख्वाजा-लाबुशेन ने अर्धशतक लगाया

इसके बाद ख्वाजा ने स्टीव स्मिथ के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी निभाई। ख्वाजा ने टेस्ट करियर का 27वां अर्धशतक लगाया। वह 121 गेंद में छह चौके की मदद से 57 रन बनाकर बुमराह की गेंद पर आउट हुए। वहीं, हेड खाता नहीं खोल सके। उन्हें बुमराह ने क्लीन बोल्ड किया। बुमराह ने फिर मिचेल मार्श को भी सस्ते में निपटा दिया। वह चार रन बना सके। लाबुशेन ने 145 गेंद में सात चौके की मदद से 72 रन की पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक रहा।

### स्टीव स्मिथ ने 34वां टेस्ट शतक जड़ा

स्टीव स्मिथ ने गाबा के बाद मेलबर्न टेस्ट में भी शतक जड़ा। उन्होंने टेस्ट करियर का 34वां शतक जड़ा। स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की। यह भारत के खिलाफ टेस्ट में उनका 11वां शतक रहा और वह टीम इंडिया के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। कमिंस ने स्मिथ के साथ सातवें विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी निभाई। कमिंस के साथ-साथ जडेजा ने मिचेल स्टार्क को क्लीन बोल्ड किया। स्टार्क 15 रन बना सके।

## नीतीश ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय

नीतीश रेड्डी ने मेलबर्न में जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक जड़ दिया है। उन्होंने 171 गेंद में बोलैंड की गेंद पर चौका लगाकर शतक लगाया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक है। उन्होंने टेस्ट में पहली बार पचास से ज्यादा रन बनाए और उस पारी को शतक में बदल दिया। नीतीश इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर और ऋषभ पंत हैं। नीतीश के लिए यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि उनके पिता मुतयाला रेड्डी दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे और यह मैच देख रहे थे। अपने पिता के सामने शतक लगाने के बाद नीतीश भावुक भी हो गए।



### इस मामले में तीसरे बल्लेबाज

नीतीश इस पारी में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। इससे पहले ऐसा सिर्फ दो बार हुआ है जब टेस्ट में आठ या इससे नीचे के क्रम पर बल्लेबाजी करने वाले नीतीश से युवा खिलाड़ी ने शतक बनाया हो। बांग्लादेश के अबुल हसन ने 20 साल 108 दिन की उम्र में और भारत के अजय रात्रा ने 20 साल 150 दिन की उम्र में ऐसा किया था।

### नीतीश से ऊपर बस सचिन और पंत

नीतीश ने 21 साल 216 दिन की उम्र में ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाया। सचिन ने 1992 में सिडनी में 18 साल 253 दिन की उम्र में शतक जड़ा था। वहीं, पंत ने 2019 में सिडनी में 21 साल और 91 दिन की उम्र में शतक बनाया था। इसके बाद नीतीश का नंबर आता है। वहीं, चौथे स्थान पर दत्तू फडकर हैं। उन्होंने एडिलेड में 1948 में 22 साल और 42 दिन की उम्र में शतक बनाया था।

# न्यूजीलैंड ने पहले टी-20 में श्रीलंका को 8 रन से हराया

**एजेंसी । माउंट मोनगानुई**

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में कीवी टीम को 8 रन से जीत मिली। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। बे ओवल में खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने 172/8 का स्कोर बनाया था। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में सिर्फ 164/8 का स्कोर ही बना पाई।



### मुकाबले का लेखा-जोखा

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और 65 रन तक न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाज पवेलियन में थे। यहां से डेरिल मिचेल (62) और माइकल ब्रेसवेल (59) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक ले गए। जवाब में पथुम निसांका (90) और कुशल मेंडिस (46) ने श्रीलंका को 121 रन की शुरुआत दिलाई, लेकिन इसके बाद वह मुकाबला हार गए।

### ऐसी रही मिचेल की पारी

मिचेल नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने 42 गेंदों का सामना किया और 62 रन बनाए। उनके बल्ले से 4 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 147.62 की रही। मिचेल के टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह 8वां अर्धशतक रहा। श्रीलंका के खिलाफ इस खिलाड़ी ने दूसरा अर्धशतक लगाया है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 8 मुकाबले खेले हैं और इसकी 7 पारियों में 32.83 की औसत और 127.09 की स्ट्राइक रेट से 197 रन बनाए हैं।

## मुंबई के मैदानों से

### ड्रीम 11 वेंगसरकर क्रिकेट अकादमी अव्वल

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

ड्रीम 11 वेंगसरकर क्रिकेट अकादमी, चर्चगेट की टीम ने फाइनल में मुंबई क्रिकेट क्लब कलीना को फाइनल में पांच विकेट से पराजित करके दिलीप वेंगसरकर फाउंडेशन द्वारा आयोजित बॉयज अंडर-12 ड्रीम 11 के खिताब पर कब्जा कर लिया। माहुल, चेंबूर के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई क्रिकेट क्लब, कलीना की टीम ने जीत के लिए 173 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में ड्रीम 11 वेंगसरकर क्रिकेट अकादमी की टीम ने अराध्य कलाम्बे के 53 और अथर्व पाचकुड़े के नाबाद 61 रनों की मदद से 23 ओवरों में पांच विकेट गवांकर एक आसान जीत हासिल कर ली। विजयी टीम को पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान दिलीप वेंगसरकर, एमसीए के जूनियर टीम के चयनकर्ता रवि गदियार और आरसीएफ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार गाथे की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किए गए।




### घुड़दौड़: जुलिएट बेहतर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

रविवार को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित मुंबई घड़दौड़ सत्र के विशेष दिवस की मुख्य दौड़ महाराजा जिवाजीराव सिंधिया ट्रॉफी में कार्तिक गणपति द्वारा प्रशिक्षित जुलिएट को सत्र में पहली बार उतारा जा रहा है। सी एस जोधा की सवारी में वंडर मेअर जुलिएट के सामने भाग ले रहे अन्य नौ प्रतिद्वंद्वी उसको टक्कर देने में सक्षम नहीं है, इसलिए जुलिएट के जीत की प्रबल संभावना है। कुल सात दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ दोपहर दो बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- चागल (प्र.), बशीर (द्वि.), 2- अर्कांडियन (प्र.), एक्जुमा (द्वि.), 3- कलिफ (प्र.), टिपोलो (द्वि.), 4- सुपरस्टॉर (प्र.), दियागो गार्सिया (द्वि.), 5- जुलिएट (प्र.), जक़ारो (द्वि.), 6- सिन्ड्रेलास ड्रीम (प्र.), आफ़रीन (द्वि.), 7- डिवाईन इन्ट्युशन (प्र.), मिराए (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः जुलिएट।

# 'सिकंदर' में सलमान का धाकड़ अवतार

सलमान खान पिछली बार फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आए थे। हलांकि, बॉक्स ऑफिस पर उनकी इस फिल्म ने कुछ खास कमाल नहीं किया। पिछले कुछ समय से प्रशंसक सलमान की आने वाली फिल्म 'सिकंदर' की राह देख रहे हैं, जिससे सलमान के कई पोस्टर सामने आ चुके हैं और अब इस फिल्म का टीजर भी रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सलमान से होती है, जो अंधेरे हॉल में एंट्री ले रहे हैं। इस हॉल में अलग-अलग डिजाइन की गई सारी बंदूकें शोकेस में लगी हैं। उधर पीछे खड़े कुछ लोग उन पर हमला करते हैं। इस दौरान सलमान कहते हैं, 'सुना है कि बहुत सारे लोग मेरे पीछे पड़े हैं। बस मेरे मुड़ने की देर है।' इसके बाद सलमान ताबड़तोड़ फायरिंग से सभी दुश्मनों को मार गिराते हैं।



### कैसी होगी फिल्म की कहानी?

कहानी की बात करें तो सिकंदर ताकत का प्रतीक है और और सलमान अपनी इसी ताकत के बल पर समाज में मौजूद एक रैकेट को उखाड़ फेकेंगे। फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली होगी। निर्माताओं को पूरा यकीन है कि दर्शक फिल्म देखकर भावुक हो जाएंगे। सलमान और निर्माता साजिद नाडियाडवाला की पिछली फिल्मों से इतर 'सिकंदर' में एक सामाजिक संदेश के साथ भरपूर ड्रामा और इमोशन होगा। फिल्म में सलमान लोगों के हक के लिए लड़ते दिखेंगे।

# स्क्विड गेम सीजन 2 मचा रहा है तहलका

दक्षिण कोरियाई सीरीज ‘स्क्विड गेम’ जब साल 2021 में रिलीज हुई थी तो इसे दुनिया भर के दर्शकों ने सराहा था। इस शो को लेकर दुनिया भर में अलग किस्म की दीवानगी नजर आई थी। अब इस शो का दूसरा सीजन भी आ गया है। इसे भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। स्क्विड गेम सीजन 2 ने नेटफ्लिक्स की टॉप रैंकिंग में जगह बना ली है। सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि कई देशों में इसने टॉप रैंकिंग नेटफ्लिक्स पर हासिल की है।




### 92 देशों में टॉप पर आ गया

सीरीज ‘स्क्विड गेम सीजन 2’ ने 92 देशों में टॉप पोजिशन हालिस की है। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स की दुनिया भर में टॉप टीवी शो की लिस्ट में पहले स्थान पर रहा। इससे पता चलता है कि ‘स्क्विड गेम सीजन 2’ को भी दर्शक पहले सीजन की तरह ही पसंद कर रहे हैं। सीरीज 'स्क्विड गेम' ने भी साल 2021 में नेटफ्लिक्स पर नंबर वन रैंक हासिल की थी। अब यही इतिहास दूसरा सीजन भी दोहरा रहा है। इस सीरीज की बेहतरीन कहानी ने दर्शकों को अपना कायल बनाया है। साल 2021 में न्यू ईयर पार्टीज में इस सीरीज की थीम को फॉलो किया गया था।

### सीजन 3 भी जल्द आएगा

खबर है कि 'स्क्विड गेम' सीजन 2 के साथ ही तीसरे सीजन की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी। सीजन 2 को मिले रेस्पॉन्स के बाद 'स्क्विड गेम' सीजन 3 भी साल 2025 में दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीजन 2 की कहानी का ज्यादा फोकस सोन्ग जी हून पर कहानी का पूरा फोकस रहा है।

# महेश बाबू संग नहीं बन रही प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी

पिछले काफी समय से एसएस राजामौली और महेश बाबू अपनी अगली जगंल एडवेंचर फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा का नाम इस फिल्म के लिए तय हो चुका है, वहीं हाल ही में फिर प्रियंका की मौजूदगी को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई। 6 साल बाद प्रियंका की भारतीय सिनेमा में वापसी को लेकर उनके प्रशंसक बेहद उत्साहित थे, लेकिन अब खबर है कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, 'हम नहीं जानते कि यह खबर आई कहां से। यहां तक कि राजामौली ने तो प्रियंका से इस प्रोजेक्ट के लिए मुलाकात तक नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के दवा किया गया है कि राजामौली इस सिलसिले में अब तक प्रियंका से कई बार मुलाकात कर चुके हैं। महेश बाबू के अलावा



इस फिल्म के लिए किसी कलाकार को साइन नहीं किया गया है।'

सूत्र ने आगे कहा, 'राजामौली और उनके पिता (लेखक विजयेंद्र प्रसाद) पहले स्क्रिप्ट पर काम करना चाहते हैं। इसके बाद ही फिल्म से जुड़े बाकी कलाकारों का फैसला किया जाएगा और ये भी बता दें कि फिल्म के लिए प्रियंका के नाम पर दूर-दूर तक विचार नहीं किया जा रहा है। जब कोई फिल्म अपने शुरुआती चरण में होती है तो इस तरह की तमाम कहानियां बनती रहती हैं।'

रिपोर्ट्स में बताया गया था कि राजामौली को इस फिल्म के लिए एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत है, जो दुनियाभर में भारत का प्रतिनिधित्व कर सके और विदेशों में बेहद लोकप्रिय हो। लिहाजा राजामौली ने इसके लिए प्रियंका को चुना। कहा गया कि फिल्म पर बातचीत करने के लिए प्रियंका और राजामौली पिछले 6 महीने में कई बार मिल चुके हैं। खबर यह भी आई कि प्रियंका पहली बार राजामौली के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।



DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### लद्दाख में चीन को आंख दिखाएंगे छत्रपति शिवाजी

**लद्दाख।** भारत की पूर्वी सीमा पर अब छत्रपति शिवाजी महाराज का परचम लहराएगा। लद्दाख में पैंगोंग झील के तट पर, 14300 फीट की ऊंचाई पर शिवाजी की भव्य प्रतिमा लगाई गई है। साथ में मराठा साम्राज्य का ध्वज है जो हिमालय की वादियों में जब लहराता है तो मानों 'छत्रपति' की मौजूदगी का अहसास कराता है। सेना के अनुसार, शिवाजी की यह प्रतिमा वीरता, दूरदर्शिता और अटूट न्याय का विशाल प्रतीक है। सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने एक बयान में कहा, '26 दिसंबर 2024 को पैंगोंग त्सो के तट पर 14,300 फीट की ऊंचाई पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। वीरता, दूरदर्शिता और अटूट न्याय के इस विशाल प्रतीक का उद्घाटन फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला (SC, SM, VSM) और कर्नल ऑफ द मराठा लाइट इन्फैंट्री: फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स द्वारा किया गया।' पैंगोंग वह झील है जिसके पानी से होते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) गुजरती है, जो भारत और चीन की सीमा है। झील का पश्चिमी सिरा भारत के क्षेत्र में हैं और पूर्वी छोर चीन के नियंत्रण वाले तिब्बत में। यह वह इलाका है जिसने 1962 के भारत-चीन युद्ध से लेकर कई बार संघर्ष देखा है। अगस्त 2017 में इसी झील के किनारे पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। मई 2020 में भी करीब 250 सैनिक आमने-सामने आ गए थे। अगस्त 2020 में भारतीय सेना ने झील के दक्षिणी किनारे की अहम ऊंचाइयों पर कब्जा कर दिया था।

### देश मना रहा शोक, कांग्रेस साध रही राजनीतिक एजेंडा: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार को दिल्ली के निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हालांकि, अंतिम संस्कार के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने निगमबोध घाट पर उनके अंतिम संस्कार को पूर्व प्रधानमंत्री का अपमान बताया। इसे लेकर सियासी घमासान तेज होने लगा है। राहुल गांधी के आरोपों पर खुद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सामने आए। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को जीते जी कभी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देश के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय डॉ. मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस की इस घटिया सोच की जितनी भी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने आगे कहा कि गांधी परिवार ने अपने परिवार को छोड़कर देश के किसी भी बड़े नेता को कभी सम्मान नहीं दिया और न ही न्याय किया। चाहे वे कांग्रेस पार्टी के हों या विपक्ष के। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि जिस कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को जीते जी कभी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। गांधी परिवार ने अपने परिवार के अलावा देश के किसी भी बड़े नेता का सम्मान नहीं किया और न ही उनके साथ न्याय किया। चाहे वह कांग्रेस पार्टी से हो या उससे बाहर से।

# दिसंबर में टूटा 101 साल का रिकॉर्ड, पहली बार हुई इतनी बारिश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। दिन में कई बार हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे तक ऐसे ही हल्की बारिश जारी रहने की संभावना जताते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इतना तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में शनिवार को 41.2 मिमी बारिश हुई है।



इतनी बारिश दिसंबर के महीने में 101 साल बाद हुई है। इससे पहले 3 दिसंबर 1923 को दिल्ली में 75.7 मिमी बारिश हुई थी। उस समय बारिश की वजह से हाहाकार मच गया था। इस बार भी हुई बारिश से दिल्ली में ठंड बढ़ने की संभावना है। अभी तक यहां हल्की ठंड पड़ रही थी, लेकिन मौसम विभाग का दावा है कि अब कड़ाके की ठंड शुरू होने जा रही है। इसी प्रकार बारिश में भींगने की वजह से लोगों के बीमार पड़ने का भी खतरा बढ़ गया है।

बीते 24 घंटे से हो रही बारिश का एक सकारात्मक असर वायु गुणवत्ता में सुधार के रूप में भी दिखा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, शनिवार सुबह 9 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 152 था, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। यह पहले की तुलना में बेहतर स्थिति है, जहां प्रदूषण के स्तर पर आमतौर पर गंभीर स्थिति देखी जाती थी।

## आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर में मौसम में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। रविवार को घना कोहरा रहेगा, और सोमवार को भी कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। हालांकि, इसके बाद दिन के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी। 1 जनवरी को नए साल के मौके पर अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे ठंड में हल्की राहत मिल सकती है। इस बारिश ने दिल्ली में मौसम के बदलते मिजाज को स्पष्ट रूप से दिखाया है। हालांकि, इस बारिश के बाद जलभराव की समस्या हो सकती है, जिससे यातायात पर असर पड़ सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है, इसलिए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

दिल्ली में हुई इस अचानक बारिश को जलवायु परिवर्तन से जोड़ा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में मौसम के बदलते स्वरूप को दिखाती हैं। दिल्ली में शनिवार की बारिश ने मौसम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ लिया है और यह घटना लंबे समय तक याद रखी जाएगी।

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर पलटवार

## कई ठिकानों को किया तबाह, 19 जवानों की मौत!

**एजेंसी । पाकिस्तान**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। पिछले दिनों पाकिस्तान की ओर से अफगानिस्तान हवाई हमले किए जाने के बाद अब तालिबान फोर्स ने पलटवार किया है। तालिबान फोर्स ने पाकिस्तान में घुसकर हवाई हमले किए हैं और नुकसान भी पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि तालिबान फोर्स की ओर से यह हमले बॉर्डर इलाके में किए गए हैं। इस हमले में पाकिस्तान को कितना नुकसान पहुंचा है इसकी जानकारी अभी तक नहीं आई है। दावा किया जा रहा है कि इस हमले में पाकिस्तान के 19 जवानों की मौत हुई है। खबर के मुताबिक, तालिबान समर्थक मीडिया संगठन हुर्रियत डेली न्यूज ने मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि हमलों में 19 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और हिंसा में 3 अफगान नागरिकों को भी जान गंवानी पड़ी।



### तालिबान का दावा - पाकिस्तान के कई ठिकाने तबाह

तालिबान के रक्षा मंत्रालय की ओर से शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उसकी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन स्थानों को निशाना बनाया, जिन्हें अफगानिस्तान पर हमलों की योजना और समन्वय से जुड़े तत्वों और उनके समर्थकों के लिए ठिकाने के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। हालांकि, मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला ख्वारजामी ने हमलों के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने हमले से हुए नुकसान और हताहत होने को लेकर भी कुछ नहीं बताया। पाकिस्तान ने मंगलवार को अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत में एक ट्रेनिंग सेंटर को नष्ट करने और विद्रोहियों के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था। पाकिस्तान के एयर स्ट्राइक में कई लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। पाकिस्तान की इस एयर स्ट्राइक के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था। दरअसल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बॉर्डर आपस में सटे हुए हैं। अफगानिस्तान अक्सर पाकिस्तान पर घुसपैठ का आरोप लगाता रहा है। पाकिस्तान अपने देश में आतंकी हमलों के लिए तालिबान को जिम्मेदार ठहराता रहा है। इससे पहले भी दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी, लेकिन इस बार मामला एयर स्ट्राइक तक पहुंच गया है।

# 'नीतीश को उनके करीबी सहयोगियों ने 'बंधक' बनाया'

## सहयोगी ले रहे फैसले तेजस्वी का बड़ा आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य की राजनीति गरमा गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव लगातार सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोल रहे हैं। शनिवार को तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार अब सामान्य रूप से काम नहीं कर पा रहे हैं। उनके मुट्ठी भर करीबी सहयोगियों ने उन्हें बंधक बना लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ रिटायर्ड अधिकारी और जनता से कट चुके उनके करीबी नेता अब फैसले ले रहे हैं और राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि अब वो अपने होश में नहीं हैं। वे वास्तव में बिहार को चलाने में असमर्थ हैं।

**नीतीश खुद नहीं ले रहे हैं अपने फैसले**

विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया कि राज्य की सीएम अब अपने आप फैसले खुद नहीं ले पा रहे हैं। उन्हें अपनी पार्टी के चार नेताओं ने बंधक बनाकर रखा है। इनमें से दो नेता दिल्ली में रहते हैं, जबकि बाकी नेता बिहार में रहते हैं। ये वे नेता हैं, जो जनता से पूरी तरह से कट चुके हैं।तेजस्वी यादव ने इसके उदाहरण के रूप में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के पत्र का दिया। अरविंद केजरीवाल ने नीतीश कुमार को पत्र देकर अपील की थी कि वह भाजपा को समर्थन देने के मुद्दे पर पुनर्विचार करें। तेजस्वी यादव ने कहा कि पत्र जदयू के नेता नीतीश कुमार को लिखा गया था, लेकिन इसका जवाब संजय झा की ओर से दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि संजय झा कौन हैं? जो नीतीश कुमार को लिखे पत्र का जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अब सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है। केवल मुख्यमंत्री के चेहरे का इस्तेमाल हो रहा है।



# पुतिन के कजाकिस्तान विमान हादसे पर माफीनामा ने बढ़ाया सस्पेंस, जेलेंस्की ने मारी एंट्री

**एजेंसी । मॉस्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजाकिस्तान में अजरबैजानी विमान हादसे की त्रासदपूर्ण घटना के लिए शनिवार को वहां के राष्ट्रपति से माफी मांगी। इस दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई थी। विमान ने बुधवार को अजरबैजान की राजधानी बाकू से चेचन्या की राजधानी ग्रोजनी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद इसका मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और कजाकिस्तान में उतरने का प्रयास करते हुए विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए।

शनिवार को एक आधिकारिक बयान में रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि बुधवार को यूक्रेनी ड्रोन हमले के कारण ग्रोज्नी के पास वायु रक्षा प्रणालियों ने गोलीबारी की। हालांकि यह कहने से परहेज किया कि इन्हीं में से एक प्लेन से टकराया। ऐसे में अब ये नया सस्पेंस सामने आ गया है कि



विमान हादसे का असली वजह क्या है। शुक्रवार को विमान हादसे की जो असली वजह सामने आई थी वो ये कि अजरबैजान एयरलाइंस ने माना कि 25 दिसंबर को कजाकिस्तान में उसका विमान बाहरी तकनीकी दखल की वजह से हादसे का शिकार हुआ था। इस क्रैश में 38 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं रूस के राष्ट्रपति के माफीनामा के बाद अजरबैजान एयरलाइंस प्लेन हादसे की जांच को लेकर एक बार फिर से सवाल उठने लगे।

पुतिन के माफीनामा के तुरंत बाद जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मैंने राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से बात की। और अजरबैजान एयरलाइंस की फ्लाइट J2-8243 की दुखद हादसे के बारे में उनके और अजरबैजान के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। हमने विमान के पायलटों और पूरे चालक दल की वीरता को स्वीकार किया।

### जेलेंस्की ने और क्या कहा

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने जांच की मांग करते हुए लिखा कि अब मुख्य प्राथमिकता पूरी तरह से जांच करना है ताकि सभी सवालों के जवाब मिल सकें कि वास्तव में क्या हुआ था। रूस को स्पष्ट स्पष्टीकरण देना चाहिए और गलत सूचना फैलाना बंद करना चाहिए। तस्वीरें और वीडियो स्पष्ट रूप से विमान के धड़ को हुए नुकसान को दिखाते हैं, जिसमें पंक्चर और डेंट शामिल हैं। जो दृढ़ता से एक वायु रक्षा मिसाइल द्वारा हमले की ओर इशारा करते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि हम इस स्थिति में अजरबैजान का सभी आवश्यक साधनों से समर्थन करेंगे। साथ ही अन्य देशों से भी सहायता करने का आह्वान करेंगे। इसके अलावा हम निकट भविष्य में द्विपक्षीय संपर्कों को तेज करने पर सहमत हुए हैं।

यूपी-हरियाणा-राजस्थान समेत दिल्ली को लेकर IMD ने की भविष्यवाणी

# झमाझम बारिश के बाद मौसम का बदलेगा मिजाज

**एजेंसी । लखनऊ**

मौसम विभाग ने शनिवार को कहा कि पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में रविवार तक तापमान में और गिरावट आने की संभावना है क्योंकि बारिश का मौसम साफ हो जाएगा। शनिवार को कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हुई। मीडिया से बात करते हुए आईएमडी के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कहा कि रविवार से मौसम साफ हो जाएगा और अगले 2 से 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 6 डिग्री सेल्सियस की महत्वपूर्ण गिरावट आएगी।



### पिछले 24 घंटों में पश्चिमी यूपी में हुई बारिश

आईएमडी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश हुई। आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की भी संभावना है। कल से मौसम शुष्क हो जाएगा। अगले 2-3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

# शिमला में ED अधिकारी के परिसर में CBI की रेड, 56 लाख कैश जब्त

**एजेंसी । शिमला**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को शिमला में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उस सहायक निदेशक के परिसर में छापेमारी की है, जो बीते रविवार को एक अभियान के दौरान एजेंसी को चकमा देकर फरार हो गए थे। छापेमारी में 56 लाख रुपए कैश जब्त किया गया है। वहीं पूरी कार्रवाई के दौरान अब तक रिश्वत की रकम समेत करीब एक करोड़ रुपए कैश बरामद किया गाया। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी।अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार को ईडी अधिकारी एक अभियान के दौरान सीबीआई को चकमा देकर फरार हो गया था। शिमला में तैनात ईडी के सहायक निदेशक और उनके भाई विकास



दीप, जो दिल्ली में पंजाब नेशनल बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं, एक व्यवसायी से कथित तौर पर रिश्वत की रकम लेने चंडीगढ़ गए थे। इसके बाद उन पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारियों के मुताबिक व्यवसायी ने जबरन वसूली के बारे में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी।

### कैश लेकर मौके से फरार हुआ आरोपी

उन्होंने बताया कि यह योजना बनाई गई थी कि कथित तौर पर रिश्वत मिलने के बाद सीबीआई आरोपी को पकड़ लेगी। ईडी अधिकारी जो केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से प्रतिनियुक्ति पर है उसे इस बारे में सूचना मिल गई और वह नकदी लेकर मौके से फरार हो गया। एजेंसी पिछले छह दिन से उन्हें ढूंढने की कोशिश कर रही है। यहां तक कि उनका पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी भी शुरू की गई है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को सीबीआई ने उनके आवास पर छापेमारी की और करीब 56 लाख रुपए की कैश जब्त किए।

# शुभेंदु अधिकारी को निशाना बना सकता है बांग्लादेशी आतंकी संगठन

**एजेंसी । कोलकत्ता**

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने बंगाल के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी पर आतंकी हमले की साजिश की जानकारी दी है। बांगलादेश के एक आतंकी संगठन से जुड़े चार उग्रवादियों ने उनके घर के आसपास 'रेकी' कर तस्वीरें और वीडियो बनाए। माना जा रहा है यह साजिश उनके हिंदू अधिकारों के समर्थन के कारण हुई है। केंद्र ने कोलकाता पुलिस, पश्चिम बंगाल पुलिस, और CISF को अलर्ट जारी किया है।पश्चिम बंगाल के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी पर आतंकी हमले की प्लानिंग की खबर सामने आई है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने जानकारी दी है कि बांगलादेश के एक आतंकवादी संगठन ने शुभेंदु अधिकारी पर हमला करने



की साजिश रची है। इसे लेकर कोलकाता पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस को चेतावनी भेजी गई है। माना जा रहा है शुभेंदु अधिकारी बांगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का विरोध करते रहे हैं, उनके खिलाफ आतंकवादियों का यह हमला बढ़ते हुए तनाव का हिस्सा हो सकता है।

शुभेंदु ने कई बार हिंदू समुदाय के मानवाधिकारों की रक्षा की मांग की है और इस कारण वह आतंकवादियों के निशाने पर आ गए हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अनुसार, हाल ही में चार आतंकवादी शुभेंदु अधिकारी के घर के पास, पूर्व मेदिनीपुर स्थित कांथी में 'रेकी' कर रहे थे। उन्होंने शुभेंदु के घर के आसपास तस्वीरें भी खींचे और वीडियो भी बनाए। खुफिया जानकारी के अनुसार, ये चार आतंकवादी बांगलादेश के इस्लामिक उग्रवादी संगठन से जुड़े हुए हैं।

### अलर्ट पर पश्चिम बंगाल पुलिस

इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद, कोलकाता पुलिस के स्पेशल ब्रांच और पश्चिम बंगाल पुलिस के खुफिया विभाग को सतर्क कर दिया गया है। इस बीच, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शनिवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता, जैसे फारहद हकीम, बंगाल को एक मुस्लिम बहुल राज्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही इसका विरोध कर रही है, और इसी कारण वे हमलावरों का निशाना बने हैं। विशेष बात यह है कि शुभेंदु अधिकारी को 2020 में भाजपा में शामिल होने के बाद केंद्र सरकार द्वारा जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई थी। उनकी सुरक्षा में सीआईएसएफ के जवान तैनात हैं। इस हमले की संभावना को देखते हुए, सीआईएसएफ को भी विशेष रूप से अलर्ट किया गया है और उन्हें जरूरी सुरक्षा कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय खुफिया विभाग ने इस खतरे को गंभीरता से लिया है और सभी संबंधित एजेंसियों को उचित कार्रवाई करने की सलाह दी है। शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है, और उनके आस-पास के क्षेत्रों में गश्त भी बढ़ा दी गई है। इस घटना ने बंगाल में राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है, और इसमें बढ़ती धार्मिक और राजनीतिक असहमति को भी उजागर किया है। शुभेंदु अधिकारी पर हमले की साजिश ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

# राजस्थान में 9 जिलों को रद्द करने पर सियासत तेज

## टीकाराम जूली ने बीजेपी पर साधा निशाना

**एजेंसी । जयपुर**

राजस्थान में बीजेपी सरकार के नए जिलों को समाप्त करने की संभावित योजना पर सियासत गर्म हो गई है। राज्य सरकार कैबिनेट बैठक में राजनीतिक कारणों से कई नए जिलों को समाप्त करने पर विचार कर रही है। कांग्रेस ने इस कदम को जनविरोधी बताते हुए कड़ी आलोचना की है। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा



सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए इसे जनता विरोधी और राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित कदम करार दिया है। टीकाराम जूली ने कहा कि नए जिलों का गठन जनता की सहूलियत के लिए किया गया था, और इन्हें खत्म करना विकास के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है, और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जनता की सुविधा के लिए प्रशासनिक सुधार करते हुए नए जिलों का गठन किया था।

### बीजेपी सरकार में भी बनाए गए थे जिले

आगे जूली ने कहा कि नए जिलों के गठन से लोगों को अपने रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्य निपटाने में काफी सहूलियत मिली थी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी अपने कार्यकाल में छोटी प्रशासनिक इकाइयों की वकालत की थी। भाजपा सरकार के दौरान ही प्रतापगढ़ जैसे नए जिले बनाए गए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा भी छोटे जिलों के महत्व को समझती है। विपक्ष का आरोप है कि यह कदम राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित है और इसका सीधा असर जनता पर पड़ेगा।